**A.Allocation to the Market Maker (After technical rejections): the basis of Allotment to the Market Maker, at the offer price of Rs. 30/- per equity share, was finalized in consultation with NSE Limited. The Category was subscribed by 1.00 Time. The total number of shares allotted in this category is 1,08,000 equity shares.**
**B.Allocation to Retail Individual Investors (After technical rejections): the Basis of Allotment to the retail Individual Investors, at the offer price of Rs. 30/- per equity share, was finalised in consultation with National Stock Exchange of India Limited. The Category was subscribed by 0.98 Times. The total number of shares allotted in this category is 9,84,000 equity shares to 246 successful applicants.**
**The category wise details of the basis of Allotment are as under:**

| No. of Shares Applied for (Category Wise) | No. of Applications received | % to total | Total No. of Equity shares applied in this category | % of total | Proportionate shares available | Allocation per Applicant (Before rounding off) | Allocation per Applicant (After rounding off) | Ratio of Allottees to the Applicants Ratio -1 | Ratio of Allottees to the Applicants Ratio -2 | No of Successful applicants (after rounding off) | Total no. of shares allocated / allotted | Surplus / (Deficit) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4000 | 246 | 100 | 984000 | 100 | 10,00,000 | 4065.04 | 4000 | 1:1 | - | 246 | 984000 | (16000) |

**C. Allocation to other than retail Individual Investors (After Technical Rejection & Withdrawal):**
**The basis of Allotment to the Non-Institutional Investors, at the- offer price of Rs. 30/- per equity share, was finalized in consultation with National Stock Exchange India Limited, the category was subscribed by 1.66 times. The total no. of shares allotted in this category is 16,64,000 Equity shares to 14 successful applicants.**
**The category -wise details of the basis of Allotment are as under**

| Sr. No. | Category | No. of Application received | % of total | Total No. of Equity Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares allotted per applicants | Ratio | Total No. of Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 8,000 | 1 | 0.48 | 8,000 | 0.39 | 4,000 | 1:1 | 4,000 |
| 2. | 16,000 | 1 | 0.96 | 16,000 | 1.18 | 12,000 | 1:1 | 12,000 |
| 3. | 20,000 | 1 | 1.20 | 20,000 | 1.18 | 12,000 | 1:1 | 12,000 |
| 4. | 24,000 | 1 | 1.44 | 24,000 | 1.57 | 16,000 | 1:1 | 16,000 |
| 5. | 36,000 | 3 | 6.49 | 36,000 | 5.91 | 60,000 | 1:1 | 60,000 |
| | 36,000 | | | 36,000 | 0.39 | 4,000 | 1:3 | 4,000 |
| 6. | 1,52,000 | 1 | 9.13 | 1,52,000 | 9.06 | 92,000 | 1:1 | 92,000 |
| 7. | 1,60,000 | 1 | 9.62 | 1,60,000 | 9.45 | 96,000 | 1:1 | 96,000 |
| 8. | 1,64,000 | 1 | 9.86 | 1,64,000 | 9.84 | 1,00,000 | 1:1 | 1,00,000 |
| 9. | 1,80,000 | 1 | 9.82 | 1,80,000 | 11.02 | 1,12,000 | 1:1 | 1,12,000 |
| 10. | 1,84,000 | 1 | 11.06 | 1,84,000 | 11.02 | 1,12,000 | 1:1 | 1,12,000 |
| 11. | 3,16,000 | 1 | 18.99 | 3,16,000 | 18.90 | 1,92,000 | 1:1 | 1,92,000 |
| 12. | 3,32,000 | 1 | 19.95 | 3,32,000 | 20.08 | 2,04,000 | 1:1 | 2,04,000 |
| | | 14 | 100.00 | 16,64,000 | 100 | 10,16,000 | | 10,16,000 |

**The Board of Directors of the Company at its meeting held on December 03, 2019 has taken on record the Basis of Allocation of Equity Shares approved by the Designated Stock Exchange viz. National Stock Exchange of India Limited and authorised corporate action form allotment of shares in dematerialised form to various successful applicants.**
**The CAN and allotment of advice and / or notices shall be dispatched to the address of the Applicants as registered with the depositories / as filed in the application form on or before December 05, 2019. Further, the instructions to the SCCB's has been issued on December 03, 2019 for unblocking of funds. The equity Shares allocated to successful applicants has been credited to their beneficiary accounts on on or before December 05, 2019. In case the same is not received within prescribed time, Investors may contact the register to the offer at the address given below. The Company is taking steps to get the equity shares admitted for trading on the SME plat form of National Stock Exchange India Limited within six working days from the date of closure of the offer.**
**The trading is proposed to commence on or before December 06, 2019 subject to receipt of listing and trading approvals from National Stock Exchange India Limited.**
**The details of the allotment made will be hosted o the website of the registrar to the Offer at www.skylinerta.com. All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar quoting full name of the First / Sole Applicant, serial number of the Application form, number of shares applied for and bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the registrar given below:**

**Skyline Financial Services Limited**
**A/505, Dattani Plaza, Andheri Kurla Road,**
**Safeed Pool, Andheri (E), Mumbai- 400072**
**Telephone: +91 22-28511022/ 02249721245**
**Email: mumbai@ skylinerta.com**
**Investor grievance email: grievances@skylinerta.com**
**Contact Person: Mr. Subhash Dhingreja**
**Website: www.skylinerta.com**
**SEBI Registration Number: INE000003241**
**CIN: U74899DL1995PTC071324**

**For Ascom Leasing & Investments Limited**
**On behalf of Board of Director**
**Sd/-**
**Mr. Tushar Rohitbhai Pandya**
**Managing Director**
**DIN No. 03264783**

**Place – Surat**
**Date – December 04, 2019**

**This level of subscription should not be taken to be indicative of either the market price of the equity shares on listing or the business prospects of ASCOM LEASING & INVESTMENTS LIMITED**
**Note :All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospects dated November 19, 2019**

## आइआइएमसी की अधिक फीस के विरोध में प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

भारतीय जन संचार संस्थान (आइआइएमसी) के विद्यार्थियों ने संस्थान में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के अधिक शुल्क को लेकर मंगलवार को परिसर में प्रदर्शन किया और दोपहर बाद कक्षाओं का बहिष्कार किया। अधिक शुल्क के संबंध में करीब 30 विद्यार्थियों ने संस्थान के महानिदेशक केएस धतवालिया को पत्र भी लिखा है।

प्रदर्शन में शामिल एक विद्यार्थी का कहना है कि आइआइएमसी में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों का शुल्क बहुत अधिक है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि उनके परिवार की आय 70 हजार रुपए सालाना है और उनके परिवार में छह सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि वह आइआइएमसी से रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता का कोर्स कर रहे हैं जिसका शुल्क डेढ़ लाख रुपए से अधिक है।

> अधिक शुल्क के संबंध में करीब 30 विद्यार्थियों ने संस्थान के महानिदेशक केएस धतवालिया को पत्र भी लिखा है

इसके अलावा रहने और खाने के खर्च को भी इसमें जोड़ लें तो यह खर्च तीन लाख रुपए से ऊपर पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में भला मैं अपनी पढ़ाई कैसे पूरी कर पाऊंगा। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों की मांग है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तर्ज पर आइआइएमसी के पाठ्यक्रमों का शुल्क तय हो।

## तदर्थ शिक्षकों की बहाली के लिए आज से डीयू में हड़ताल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शिक्षक तदर्थ शिक्षकों की बहाली और उनके वेतन जारी कराने को लेकर बुधवार से हड़ताल पर रहेंगे। इस समय डीयू की परीक्षाएं हो रही हैं और बुधवार से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू होना है। इस हड़ताल का आह्वान डीयू शिक्षक संघ की ओर से किया गया है।

वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन ने किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं रोकने का वादा करते हुए शिक्षकों से अपील की है कि वे परीक्षा और मूल्यांकन के कार्य को जारी रखें। डूटा उपाध्यक्ष डॉ आलोक पांडेय ने बताया कि प्रशासन की मनमानी के खिलाफ चार दिसंबर से हड़ताल बुलाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक गुरुवार को सुबह 11 बजे उत्तरी परिसर में गेट नंबर 4 के सामने कला संकाय पर मिलेंगे।

## पढ़े-लिखे युवा राजनीति में आएं : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

'भारत पूरे विश्व में सबसे अधिक प्रतिभाओं वाला देश है। यहां का युवा नासा से लेकर हरेक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। इसके बावजूद तंत्र और राजनीति में कमियों के कारण हमारा देश पिछड़ा हुआ है। इसीलिए मैं चाहता हूं कि तंत्र एवं राजनीति को बदलकर देश को आगे ले जाने के लिए पढ़े लिखे युवा राजनीति में आगे आएं'।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से ये बातें कहीं। मंगलवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में कुल 68,662 विद्यार्थियों को अकादमिक वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के लिए उपाधियां दी गईं। इस मौके पर केजरीवाल के अलावा दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आइपी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ महेश वर्मा, दिल्ली के मुख्य सचिव विजय कुमार देव, सीएसआइआर के पूर्व डीजी प्रोफेसर समीर के. ब्रह्मचारी समेत विश्वविद्यालय के तमाम लोग मौजूद रहे।

### आइपी विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह

इस अवसर पर विश्वविद्यालय का कुलगीत भी गाया गया। विश्वविद्यालय की स्थापना के 21वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तैयार की गई स्मारिका का भी लोकार्पण किया गया। दीक्षांत समारोह में कुल 68,662 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं जिसमें 108 पीएचडी, 542 एमबीबीएस, 11,683 स्नातकोत्तर, 55,367 स्नातक, 108 बीडीएस, 656 एमडी/एमएस, 122 डीएम/एम. सीएच और 76 एमफील के विद्यार्थियों को दिया गया। 258 प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

साथ ही 16 असाधारण प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी अवार्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। सीएसआइआर के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर समीर के. ब्रह्मचारी ने दीक्षांत संभाषण में बताया कि किसी भी विद्यार्थियों के लिए उसके शैक्षिक जीवन में मूल्य आधारित शिक्षा ज्यादा जरूरी है। कहा कि शिक्षा चार मुख्य स्तंभ उत्कृष्टता, समग्रता, रोजगार एवं मूल्य आधारित शिक्षा पर आधारित होती है। आप टॉपर हो सकते हैं, अच्छी नौकरी मिल सकती है किंतु, यदि आप के पास मूल्य आधारित शिक्षा नहीं है तो आप देश एवं समाज के लिए सार्थक नहीं हो सकते।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में दौड़ेगी एक्वा मेट्रो, कैबिनेट ने दी मंजूरी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 3 दिसंबर।

सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क-पांच तक प्रस्तावित एक्वा मेट्रो विस्तार को उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। कुल 14.95 किलोमीटर लंबी इस मेट्रो परियोजना का लाभ ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ग्रुप हाउसिंग सोसायटी और गौड़ सिटी आदि इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को मिलेगा। यह विस्तार दो चरणों में किया जाएगा। इस पर 2682 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के साथ तीन माह में निर्माण कार्य शुरू कराने की योजना है। सेक्टर-71 से नॉलेज पार्क-पांच तक प्रस्तावित मेट्रो परियोजना की विस्तृत कार्य योजना रिपोर्ट (डीपीआर) को दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन ने 2016 में तैयार किया था।

योजना के पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा-दो तक किया जाएगा। करीब 9.15 किलोमीटर लंबी इस लाइन पर कुल पांच स्टेशन बनेंगे। दूसरे चरण में लाइन 5.8 किमी लंबी होगी। वर्तमान में नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की एक्वा लाइन सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक 29.707 किमी का संचालन कर रही है। डीएमआरसी ने 2016 में परियोजना की डीपीआर तैयार की थी। प्रदेश सरकार की मंजूरी के बाद अब डीपीआर मंजूरी के लिए एनसीआर प्लानिंग बोर्ड, वित्त मंत्रालय, लोक निवेश बोर्ड (पीआइबी) और शहरी कार्य एवं आवासन मंत्रालय भारत सरकार को भेजी जाएगी।

## आग में एक जिंदा जला, दो दमकलकर्मी झुलसे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

तुगलकाबाद इलाके में कबाड़ के दो गोदामों में आग लगने से एक व्यक्ति जिंदा जल गया और दो दमकलकर्मी गंभीर रुप से झुलस गए। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। छह लोगों को आग की चपेट में बाहर निकालकर जान बचाई गई। सोमवार देर रात लगी इस आग की सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 39 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। इसमें लाखों रुपए का नुकसान का अंदेशा है। तुगलकाबाद थाना पुलिस ने मामले में कबाड़ गोदाम के मालिक गुड्डू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक तुगलकाबाद के छुरिया मोहल्ले में गुड्डू नाम का एक युवक कबाड़ का गोदाम चलाता हैं। गुड्डू ने करीब 500 गज के प्लॉट में अपना गोदाम बनाया हुआ है। गोदाम के साथ ही खाली जगह में तीन-चार झुग्गियां भी बनी हुई थी। गुड्डू के यहां काम करने वाले सात लोग यहां झुग्गी में रहते हैं। इसमें तीन महिलाएं व चार पुरुष शामिल थे।

## खबरों में शहर

### आइआइटी की छात्रा को किया सम्मानित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली की छात्रा अंकिता गुलाटी को उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने एंपावरमेंट ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी-2019 पुरस्कार से सम्मानित किया। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर उन्हें यह राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। गुलाटी ने दिव्यांगों को आसानी से सिखाने के लिए एक डिजाइन लर्निंग रिसॉर्स विकसित किया है। जो दिव्यांगों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से निर्माण किया गया है। अंकिता ने स्टार्टअप से प्रेरित होकर यह कार्य किया है। इस मौके पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को आगे आने का प्रयास करना चाहिए।

### उद्घाटन

हंसराज स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव मनाया गया।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

नई दिल्ली, 3 दिसंबर।
जनसत्ता संवाददाता

हंसराज स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दिलशाद गार्डन का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम यमुना क्रीड़ा परिसर के सभागार में हुआ। समारोह में पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर, पूर्वी दिल्ली नगर निगम के डिप्टी मेयर संजय गोयल, पूर्वी दिल्ली नगर में चेयरमैन स्टैंडिंग कमेटी ईडीएमसी संदीप कपूर, शाहदरा के जिलाध्यक्ष राम किशोर शर्मा मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार महाजन, प्रधान सुरेश कुमार महाजन, उप प्रधान प्रवीण महाजन व संजीव महाजन, महासचिव अरुण कुमार महाजन, सचिव योगेश महाजन, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र महाजन और विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू सिंह ने पुष्प मालाओं से किया। प्रबंधक अरुण महाजन ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। स्कूल के पूर्व व वर्तमान छात्र-छात्राओं को शिक्षा व खेल के क्षेत्र में और अन्य गतिविधियों में उत्तम प्रदर्शन के लिए अतिथियों ने पुरस्कार दिए। विशेष रूप से विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा प्रगति को तीरंदाजी में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सिंह ने विद्यालय की 2018-19 की वार्षिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। मंच का संचालन आकांक्षा आर्या एवं मृदु गुप्ता ने किया।

### शिक्षण में खेलकूद की अहम भूमिका : अनिक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

विकास नगर स्थित पायनियर कमल कॉन्वेंट स्कूल में सालाना पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें कई विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्कूल के प्राचार्य अजय तिवारी के मुताबिक शिक्षाविद वेद टंडन और अनिक कुमार (डीडीई) ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। अनिक कुमार ने जहां शिक्षण में खेलकूद की अहम भूमिका बताई वहीं वेद टंडन ने कहा कि आज का दौर सामान्य शिक्षण वाला नहीं है। विशिष्ट और तकनीकी दक्षता को जरूरी बताया।

### संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम आयोजित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

गाजियाबाद में हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट ने प्राचीन पद्धतियों को वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत करते हुए लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। कहा गया कि मानसिक और आध्यात्मिक पहलुओं को शामिल किए बगैर हम संपूर्ण स्वास्थ्य को नहीं पा सकते।

## आज के कार्यक्रम

### सभा-संगोष्ठी प्रदर्शनी

**आइफैक्स** : फोटो कला प्रदर्शनी, आइफैक्स, एक-रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से, पांच दिसंबर तक।
**जापानी फाउंडेशन** : कार्यशाला 'हार्मोनी' का आयोजन, पांच ए, रिंग रोड लाजपत नगर चार, सुबह 10 बजे से, 21 दिसंबर तक।



www.readwhere.com

ADVERTORIAL

An initiative by RED Read. Engage. Deliver.

# जमनालाल बजाज पुरस्कार - 2019 द्वारा गांधीवादी 'योद्धाओं' का सम्मान



"मैं यह विश्वासपूर्वक कह सकता हूँ कि जमनालालजी ने एक पाई भी अनीति से नहीं कमाई, और जो कमाया वह संपूर्णतः जनता जनार्दन के लिए ही खर्च किया."

– महात्मा गांधी



**राहुल बजाज**
**अध्यक्ष,जमनालाल बजाज फाउण्डेशन**

मूलभूत मानव मूल्य शाश्वत हैं. अपनी ही नैतिकता में तपकर, लालच और अपने अहम् के कारण हमारी आँखों पर परदा पड़ सकता है. किंतु अंतत: हमने कितने लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, यही हमारे जीवन को मापने का पैमाना बनता है. इस पैमाने के अनुसार हमारे सम्मान मूर्ति अत्यंत धनी हैं और हम सभी के साथ अपनी समृद्ध भावनाओं को साझा करने के लिए हम उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं. ये संसार आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टि से एक कठिन स्थान है. लेकिन इसके बावजूद दुनिया को बेहतर बनाने के लिए सतत एक नया संघर्ष जन्म लेता रहता है. हमें निराशावादी नहीं होना चाहिए, और साथ ही हमें बहुत सारी आकांक्षाएं भी नहीं रखनी चाहिए. परिवर्तन तो अनपेक्षित तरीकों से ही होता है. हमें सही मार्ग को कभी त्यागना नहीं चाहिए. अपने जीवन में हमें इसी पथ पर चलने और इसे प्रतिबिंबित करने का प्रयास करना चाहिए, फिर चाहे हम कितने ही निर्बल क्यों न हों.

**भवानी शंकर कुसुम**
**(राजस्थान)**

आज मेरे मन में यह विचार आता है कि क्या मैं देश के ऐसे महान सपूत जमनालालजी बजाज के नाम पर गठित पुरस्कार प्राप्त करने का पात्र हूं? मैं उनके त्याग, गरिमामय व्यक्तित्व और सतत कर्मशील जीवन के प्रति नत मस्तक हूं.

गांधीजी से मुझे सोचने की शक्ति, कर्म की प्रेरणा और सार्थक ढंग से जीवन जीने का मंत्र मिला. ईशावास्योपनिषद, जिसे गांधीजी भारतीय संस्कृति का मूल आधार मानते थे, का एक श्लोक है– 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:' अर्थात मनुष्य को कर्म करते हुए 100 वर्ष जीने की कल्पना करनी चाहिए. इसलिये प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन तथा महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहना ही जीवन का उद्देश्य बनाया है.

**मोहम्मद इमरान खान मेवाती**
**(राजस्थान)**

प्रतिभा तो मानव जाति की जमा पूँजी होती है, उसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए. पढ़ाई का अवसर तो सबको समान मिलने चाहिए. शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके ज़रिए किसी परिवार, समाज या किसी तबके को, जो पिछड़ रहा है उसे आगे बढ़ाया जा सकता है. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अन्य मसले जैसे सामाजिक बुराइयां स्वत: ही काबू में होने लगती हैं. हम सभी को इस दिशा में ज़रूर सोचना चाहिए कि हम 'पाने वाले' से 'देने वाले' कैसे बनें.

रचनात्मक कार्य के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार –2019 प्राप्त करते हुए भवानी शंकर कुसुम (राजस्थान).

ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन हेतु जमनालाल बजाज पुरस्कार–2019 प्राप्त करते हुए मोहम्मद इमरान खान मेवाती (राजस्थान).

महिलाओं और बच्चों के विकास एवं कल्याण के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार –2019 प्राप्त करती शाहीन मिस्त्री (महाराष्ट्र).

विदेशों में गांधीवादी मूल्यों के प्रसार के लिए जमनालाल बजाज अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार –2019 प्राप्त करती सोनिया डेटो (मेक्सिको).

(बाएँ से) मिनल बजाज (मानद निदेशक – जमनालाल बजाज फाउण्डेशन), डॉ. मरिअम्मा ए. वर्गीस (अध्यक्ष – महिला एवं बाल कल्याण पुरस्कार), शाहीन मिस्त्री, धीरजलाल मेहता (अध्यक्ष – रचनात्मक कार्य पुरस्कार), भवानी शंकर कुसुम, डॉ. आर. ए. मशेलकर, एफआरएस (अध्यक्ष – परामर्शदाता परिषद), सद्गुरु (संस्थापक, ईशा फाउंडेशन), राहुल बजाज (अध्यक्ष – जमनालाल बजाज फाउण्डेशन), मोहम्मद इमरान खान मेवाती, डॉ. अनिल काकोडकर (अध्यक्ष – विज्ञान और प्रौद्योगिकी पुरस्कार), सोनिया डेटो , अनु आगा (अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार), मधुर बजाज (न्यासी, अध्यक्ष,जमनालाल बजाज फाउण्डेशन)

### परामर्शदाता परिषद

डॉ. आर. ए. माशेलकर, एफआरएस (अध्यक्ष), अनु आगा, राधा भट्ट, डॉ. फिरोज़ा गोदरेज, डॉ. सुदर्शन आयंगर, डॉ. अनिल काकोडकर, डॉ. एस. एन. सुब्बा राव, संजित (बंकर) रॉय, सुप्रिया सुले, डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन, डॉ. मरिअम्मा ए. वर्गीस, मिनल बजाज (मानद निदेशक).

### पूर्व मुख्य अतिथिगण

एन. संजीव रेड्डी, दादा धर्माधिकारी, इंदिरा गाँधी, डॉ. नोरमन बोरलोग, जेम्स कॅलाघन, आर. वेंकटरामन, न्यायमूर्ति एम. हिदायतुल्ला, डॉ. शंकर दयाल शर्मा, राजीव गाँधी, स्वामी रंगनाथानंद, डॉ. हार्बर्ट शामबेक, सी. सुब्रह्मण्यम, के.आर. नारायणन, पांडुरंग शास्त्री आठवले, दलाई लामा, एच.डी. देवे गौड़ा, मनोहर जोशी, अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. पी.सी. एलेक्ज़ेंडर, कृष्णकांत, डॉ. मनमोहन सिंह, भैरोसिंह शेखावत, विरेन जे. शाह, डॉ. एल. एम. सिंघवी, प्रो. अमर्त्य सेन, एन. आर. नारायणमूर्ति, श्री श्री रविशंकर, हामिद अंसारी, स्वामी बाबा रामदेव, प्रतिभा पाटिल, मुरारी बापू, डॉ. न्यायमूर्ति सी.एस. धर्माधिकारी, प्रणब मुखर्जी, कैलाश सत्यार्थी, राजमोहन गांधी, अरुण जेटली और एम. वेंकैया नायडु.

**न्यास मंडल** (बायें से) कैलाश सत्यार्थी, राहुल बजाज (अध्यक्ष), धीरजलाल मेहता, मधुर बजाज.

## जमनालाल बजाज फाउण्डेशन

बजाज भवन, जमनालाल बजाज मार्ग, 226 नरिमन पॉइंट, मुंबई 400 021 भारत.

Phone: 022-2202 3626. Email: info@jamnalalbajajfoundation.org, secretary@jamnalalbajajfoundation.org

nominations@jamnalalbajajfoundation.org
(ONLY for Nomination inquiries & submissions)

Visit www.jamnalalbajajfoundation.org, www.jamnalalbajajawards.org
www.bajajgroup.company, https://www.facebook.com/JBF Mumbai

**पुरस्कार – 2020 के लिए नामांकन आमंत्रित हैं.**

http://jamnalalbajajawards.org/nomination-forms
(For ONLINE submissions)

**मुख्य अतिथि**
**सद्गुरु**
**संस्थापक, ईशा फाउंडेशन**

स्वयं में परिवर्तन लाए बिना समाज को बदलना, दुनिया को बदलना बस एक कोरी बात ही रहेगी. अब समय आ गया है कि इसमें व्यक्ति अपना योगदान दे. समाज कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं रखता. समाज तो हम सभी के अपने–अपने स्वभावों को मिलाकर बनता है. यदि हम इसे शांतिपूर्ण नहीं बनाते हैं, यदि हम इसे अपने आपसी विवादों से मुक्त नहीं रखते हैं तो ये चर्चा अंतहीन रूप से चलती ही रहनेवाली है.

यदि आप और मैं यहाँ पर शांतिपूर्वक बैठे हुए हैं तो हमें शांति के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, तब तो सारा संसार ही शांतिपूर्ण प्रतीत होगा. लेकिन यदि हम इस स्थिति को लाना चाहते हैं तो आपको और मुझे ये देखना होगा कि हम अपने भीतर ऐसा क्या कर सकते हैं जो हमारे स्वभाव को आनंदमय बना सके.

महात्मा गांधी का संदेश भी यही था. वे देश या लोगों से जो अपेक्षा रखते थे, उसका प्रयोग अपने तरीके से सर्वप्रथम स्वयं के साथ करते थे कि क्या वे जो दूसरों से अपेक्षा कर रहे हैं वह पूर्ण सत्य है.

**शाहीन मिस्त्री**
**(महाराष्ट्र)**

मैं चाहती हूँ कि मैं अधिक बच्चों के लिए और भी अधिक काम करती रहूँ क्योंकि ये कहानियाँ न मैंने सुनी हैं और न ही मेरी उपज हैं. ऐसा बहुत कुछ है जो मुझे नहीं पता, लेकिन इस सच्चाई को मैं भलीभाँति जानती हूँ. यदि हमारे बच्चे कल नहीं बल्कि आज के सपने देखें. यदि वे प्रस्तुत स्थितियों में नहीं बल्कि अपेक्षित परिस्थिति को निर्मित करने में विश्वास करें. यदि उन्हें स्कूल से नहीं बल्कि जीवन से सीखने के अवसर मिलें. यदि वे खुद से और अपने आस पास हर किसी से प्रेम करें तो ये दुनिया खूबसूरत बन जाएगी– अधिक सुशील, उदार, प्रमाणिक हो जाएगी. दुनिया से दु:ख दूर होगा और सुख के प्रकाश से भर जाएगी.

**सोनिया डेटो**
**(मेक्सिको)**

हमारे भीतर नष्ट करने के बजाय सृजन करने की आकांक्षा पैदा होती है, और इसके साथ हम समग्रत: मानव–केंद्रित दृष्टिकोण से अहिंसा या प्रेम की साधना में स्वयं को तथा एक–दूसरे को शिक्षित करने के लिए तत्पर होते हैं, जो इस धरती पर शांति के उत्थान का सबसे प्रभावशाली साधन है.

सभी लोगों के कल्याण एवं स्वायत्तता की दिशा में इस सामूहिक यात्रा में हम सत्य पर जोर देने का आह्वान करते हैं, ताकि अहिंसा की शक्ति को दृश्यमान बनाया जा सके. वैश्विक सहभागिता के इस रंगमंच पर हम सभी अहिंसा का अभिनय करने वाले कलाकार हो सकते हैं.

## महंगा परिचालन

अर्थव्यवस्था की सुस्ती को लेकर अभी बहसें चल ही रही हैं कि रेलवे की हालत ठीक न होने के आंकड़े ने सरकार के लिए नई चिंता पैदा कर दी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजी ने रिपोर्ट दी है कि 2018-19 के दौरान रेलवे की कमाई और परिचालन खर्च में बहुत कम अंतर था। उसे सौ रुपए कमाने के लिए अट्ठानबे रुपए चौवालीस पैसे खर्च करने पड़े। यह पिछले दस सालों में सबसे अधिक परिचालन खर्च है। यह तब है, जब रेलवे ने पिछले सालों में यात्री और माल भाड़े में बढ़ोतरी की है। इस दौरान कई नई गाड़ियां भी चली हैं। यात्रियों की संख्या बढ़ी है। फिर भी उसकी कमाई और परिचालन खर्च में बहुत कम का अंतर रह गया है, तो यह निस्संदेह चिंता का विषय है। जिस वर्ष का रेलवे के परिचालन पर खर्च का लेखाजोखा पेश किया गया है, उस वर्ष उसने अपनी कुछ ग्राहक कंपनियों से अग्रिम शुल्क ले रखा था, वरना उसके लिए अपना खर्च संभालना मुश्किल होता। इसलिए सीएजी ने सुझाव दिया है कि रेलवे को अपनी आंतरिक आय बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि सकल बजटीय प्रावधान पर निर्भर न रहना पड़े।

रेलवे की कमाई का सबसे बड़ा स्रोत माल ढुलाई है। उसके बाद यात्री भाड़ा और फिर कुछ आमदनी रेलवे स्टेशनों पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए दी गई जगहों के किराए से हो जाती है। पिछले कई सालों से रेलवे को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का दम भरा जा रहा है। इसमें रेलवे स्टेशनों की मरम्मत, गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने और उनमें सुरक्षा और यात्री सुविधाएं बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया जाता रहा है। ऐसे में जाहिर है कि परिचालन खर्च बढ़ने से रेलवे के लिए इन पक्षों पर आगे कदम बढ़ाने के लिए काफी सोचना पड़ेगा। पहले ही नई पटरियां बिछाने, पुराने पुलों की जगह नए पुल बनाने, रेल लाइनों के विद्युतीकरण, गाड़ियों में टक्कररोधी उपकरण लगाने आदि जैसी रेलवे की अनेक परियोजनाएं लंबे समय से लटकी पड़ी हैं। कमाई न हो पाने से नई परियोजनाएं शुरू करना तो दूर, रुकी हुई परियोजनाओं को गति दे पाना ही कठिन होगा।

रेलवे की कमाई घटने की कुछ वजहें समझी जा सकती हैं। इसका सीधा संबंध अर्थव्यवस्था की सुस्ती से है। छिपी बात नहीं है कि औद्योगिक क्षेत्र का उत्पादन काफी घटा है। वाहन और कपड़ा उद्योग जैसे कई क्षेत्रों पर आर्थिक मंदी की बहुत बुरी मार पड़ी है। स्वाभाविक ही इससे रेलवे की माल ढुलाई पर असर पड़ा है, जो कि उसकी कमाई का बड़ा जरिया है। यानी जब तक औद्योगिक क्षेत्र में तेजी नहीं आती, रेल के पहियों में भी सुस्ती बनी रहेगी। जाहिर है, इस सुस्ती से पार पाने के लिए रेलवे को कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। उनमें से पहला कदम यही हो सकता है कि वह अपने भाड़े और किराए में बढ़ोतरी करे। मगर इसका सीधा असर मुसाफिरों पर पड़ेगा। लोग पहले ही महंगाई से परेशान हैं, रेल भाड़े में बढ़ोतरी उन पर अतिरिक्त बोझ साबित होगी। यों रेलवे कई स्टेशनों के रखरखाव की जिम्मेदारी निजी हाथों को सौंप रहा है। उससे उसका खर्च कुछ कम हो सकता है। मगर मुसाफिरों की जेब पर उसका भार पड़ने से इनकार नहीं किया जा सकता। रेलवे सार्वजनिक परिवहन का बड़ा तंत्र है, अगर उसकी स्थिति सुधारने का प्रयास जल्दी नहीं किया गया, तो यह सरकार की बड़ी विफलता साबित होगी।

## हादसों की सड़क

राज्यसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान सड़क हादसों पर जो तस्वीर सामने रखी गई, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या केवल कानूनों को ज्यादा सख्त बनाना किसी मसले से निपटने का अकेला जरिया हो सकता है! करीब चार महीने पहले ही सरकार ने हादसों में कमी लाने के मकसद से सड़क सुरक्षा के लिए कठोर प्रावधानों से लैस मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी थी। मकसद यही था कि कानूनी सख्ती से लोगों में वाहन चलाते समय भय काम करेगा और इस तरह सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सकेगा। मगर हकीकत यही है कि लोग वाहन चलाते समय मनमानी करते हैं और कानूनी सख्ती का भय उनमें कम ही होता है। ऐसे चालकों की संख्या काफी है, जो यातायात नियमों का पालन करना अपनी शान के खिलाफ और मनमाने तरीके से गाड़ी चलाना अपना अधिकार समझते हैं। पर सवाल है कि इस तरह की गैरजिम्मेदारी और लापरवाही से वाहन चलाने का हासिल आखिर क्या है?

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस साल सड़क हादसों में मामूली कमी दर्ज की गई है, लेकिन अफसोसजनक है कि जितनी भी दुर्घटनाएं हुईं, उनमें मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई। उनके मुताबिक इसकी मुख्य वजह सड़क इंजीनियरिंग संबंधी खामियां हैं। उनका यह आकलन सही हो सकता है। सड़क पर जो लोग वाहन चलाते हैं, उन्हें उन खामियों के मद्देनजर सावधानी बरतनी चाहिए। लेकिन क्या यह जरूरी नहीं कि अगर सड़कों में ही ऐसी गड़बड़ियां हैं, जो हादसों की वजह बनती हैं, तो उनके बारे में हर स्तर पर जागरूकता फैलाई जाए, जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि लोग सावधानी बरतें? सड़कों पर ऐसी कई जगहें होती हैं, जहां विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है, सड़क किनारे बोर्ड पर निर्देश भी लिखा होता है, लेकिन कई वाहन चालकों को उन निर्देशों पर गौर करना जरूरी नहीं लगता। जबकि बेहद मामूली लापरवाही भी बड़े हादसे की वजह बन जाती है और उसमें लोगों की नाहक जान चली जाती है। पिछले साल जनवरी से सितंबर के बीच देश भर में होने वाले सड़क हादसों में कुल एक लाख बारह हजार चार सौ उनसठ लोगों की मौत हो गई और साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोग घायल हुए।

विचित्र है कि भारत में दुनिया भर के कुल वाहनों का केवल तीन फीसद है, लेकिन सड़क हादसों में मरने वालों की तादाद के मामले में यह अव्वल है। दरअसल, एक बड़ी विडंबना वाहन चलाने वालों के भीतर खुद है। तय रफ्तार के नियम का पालन करना, शराब पीकर वाहन न चलाना, लेन में रहना, वाहन चलाते समय सजग रहना जैसे कुछ यातायात नियमों का ही पालन कर लिया जाए, तो सड़क हादसों में काफी कमी लाई जा सकती है। फिर दुर्घटना की स्थिति में अगर सरकार समय पर घायलों को इलाज मुहैया कराने की व्यवस्था कर दे, तो बहुत सारे लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा, वाहन चालकों को यह समझने की जरूरत है कि नियमों का पालन न केवल सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए जरूरी है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के साथ-साथ खुद का जीवन भी सुरक्षित रहने के लिहाज से अनिवार्य है। अच्छी सड़कें आधुनिक यातायात व्यवस्था के लिए जरूरी हैं, लेकिन उन पर वाहन चलाने का सलीका अगर न हो तो वही सड़कें जानलेवा साबित हो जाती हैं।

### कल्पमेधा

किसी देश की शक्ति छोटे विचारों के बड़े आदमियों से नहीं, बल्कि बड़े विचारों के छोटे आदमियों से बनती है।
-स्वामी रामतीर्थ

# उम्र घटाती रोशनी

अखिलेश आर्येंदु

**लोगों को यह भी नहीं मालूम कि आंखों को चौंधिया देने वाली ये बत्तियां उनकी उम्र को कम करने की वजह बन रही हैं। लोगों के लिए तो पार्कों, गलियों और सड़कों पर बत्तियों का होना विकास का पैमाना है। मगर इस तथाकथित विकास के पैमाने में उनकी जिंदगी का पैमाना गड़बड़ा रहा है, यह किसी को नहीं मालूम।**

वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और मृदा प्रदूषण से पैदा होने वाली समस्याओं से लोग वाकिफ हैं। इनके चलते होने वाली बीमारियां पहले ही चुनौती बनी हुई हैं। इनका असर खेती-किसानी से लेकर सामान्य जन-जीवन पर पड़ रहा है। इसलिए इन प्रदूषणों को कम करने की कवायदें भी विश्व स्तर पर जारी हैं। मगर प्रकाश प्रदूषण से होने वाली समस्याओं के बारे में लोगों को नहीं जानते या इस तरफ अभी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शायद इसलिए कि दूसरे प्रदूषणों की तरह इस प्रदूषण के प्रभाव भयावह रूप नहीं ले पाए हैं। इसलिए इस खतरे के प्रति लोग आंख मूंदे हुए हैं।

दक्षिण कोरिया स्थित सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर क्योंग-बोक मिन के मुताबिक रात में बाहरी यानी आउटडोर और कृत्रिम प्रकाश की तीव्रता का नींद की दवाओं से गहरा रिश्ता है। अध्ययन के मुताबिक रात में घर के बाहर के तेज प्रकाश का असर नींद पर पड़ता है। इससे अनिद्रा की समस्या बढ़ रही है। इसलिए लोग नींद के लिए दवाओं का सेवन करते हैं। इससे लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में जबर्दस्त कमी देखी जा रही है और लोगों की औसत आयु में कमी आ रही है।

प्रकाश प्रदूषण एक ऐसी नई समस्या है, जिसका समाधान निकट भविष्य में संभव नहीं दिखाई देता, बल्कि इस समस्या के दिनोंदिन और बढ़ने के आसार हैं। इसकी वजह यह है कि लगातार नए-नए शहर बसाए जा रहे हैं। शहरों में सुरक्षा-व्यवस्था ठीक रहे, इसलिए सड़कों, पार्कों, व्यावसायिक परिसरों में ऊंचे खंभों पर तेज रोशनी वाली बत्तियां उपयोग की जाने लगी हैं। इसके अलावा जगह-जगह तेज चमक बिखेरने वाले होर्डिंगों और साइनबोर्डों का चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। चकाचौंध कर देने वाली ये लाइटें सेहत पर किस तरह और कितना असर डाल रही हैं, इस पर नगरपालिका या सरकार को सोचने का वक्त नहीं है। आमतौर पर आम लोग इस बाबत सोचते ही नहीं हैं। बल्कि सड़कों और घरों के बाहर गलियों में अगर बत्तियां न हों, तो उसके लिए आंदोलन तक पर उतर आते हैं। लोगों को यह भी नहीं मालूम कि आंखों को चौंधिया देने वाली ये बत्तियां उनकी उम्र को कम करने की वजह बन रही हैं। लोगों के लिए तो पार्कों, गलियों और सड़कों पर बत्तियों का होना विकास का पैमाना है। मगर इस तथाकथित विकास के पैमाने में उनकी जिंदगी का पैमाना गड़बड़ा रहा है, यह किसी को नहीं मालूम। यहां तक कि पढ़े-लिखे लोग भी तेज रोशनी को ही तरक्की का पर्याय मानते हैं।

अनेक अध्ययनों से यह तथ्य बहुत पहले सामने आ चुका था कि शहरों, पर्यटन स्थलों, जंगल सफारी आदि में रात को जलने वाली तेज बत्तियों की वजह से वहां रहने वाले पक्षियों और दूसरे वन्य जीवों के स्वाभाविक जीवन चक्र पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उनकी नींद में बाधा उत्पन्न होती है, इससे उनकी प्रजनन क्षमता घट रही है। इस वजह से अनेक पक्षियों और वन्य जीवों की प्रजातियां नष्ट हो रही हैं। मगर उन अध्ययनों के निष्कर्षों को बहुत गंभीरता से नहीं लिया गया। फिर यह सोचने की जरूरत नहीं समझी गई कि अगर वन्य जीवों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है, तो मनुष्य पर भी जरूर कुछ प्रभाव पड़ता होगा। मगर चकाचौंध को विकास का पर्याय मानने वाली व्यवस्थाओं ने इसे कोई गंभीर समस्या नहीं माना।

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के निदेशक और अर्थशास्त्री प्रो माइकल ग्रीनस्टोन के मुताबिक वैश्विक आबादी का पचास फीसद या 5.5 अरब लोग ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां प्रदूषण की समस्या डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित सीमा को पार कर गई है। गौरतलब है कि भारत और चीन में दुनिया की छत्तीस प्रतिशत आबादी रहती है। दोनों देशों में वायु, ध्वनि, जल, मृदा और प्रकाश प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक इन दोनों देशों में रहने वाले लोगों की औसत उम्र में तिहत्तर फीसद की कमी आई है। उड़ती धूल से जहां सिर दर्द, बुखार, नेत्ररोग, चर्मरोग, श्वासरोग और एलर्जी जैसी समस्याएं विकट होती जा रही हैं, वहीं पर प्रकाश प्रदूषण के कारण अनिद्रा, नेत्ररोग, हृदयरोग और मानसिक रोग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिस प्राकृतिक प्रकाश को जिंदगी का कभी सहचर माना जाता था, वह जब कृत्रिम रूप से हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता है, तो हमारे लिए समस्या पैदा करने वाला बन जाता है, नए शोध और सर्वेक्षण तो यही कह रहे हैं।

इसी तरह मृदा प्रदूषण से, जिसमें उड़ती धूल की समस्या सबसे ज्यादा है, सब्जियों, फलों, खाद्यान्न और दूसरी खेत में पैदा होने वाली वस्तुएं प्रदूषित हो रही हैं। ऐसी वस्तुओं के सेवन से पेट, मस्तिष्क, त्वचा, आंख, किडनी, लीवर पर अत्यंत घातक असर पड़ रहा है। असमय में समाज के हर आयु वर्ग का व्यक्ति बीमारी से ग्रस्त होने लगा है। कुछ साल पहले यह अध्ययन भी सामने आया था कि गंगा और यमुना जैसी नदियों के प्रदूषित होते जाने की वजह से उनके किनारे के गांवों में मृदा प्रदूषण तेजी से बढ़ा है और उसके चलते वहां कई तरह की बीमारियां खतरनाक स्तर तक बढ़ गई हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक हवा में प्रदूषण और आर्द्रता बढ़ने से वातावरण में 2.5 पीएम से सूक्ष्म कण, ओजोन, नाइट्रेट, सल्फेट और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा ज्यादा है। प्रदूषण और आर्द्रता से ग्राउंड लेबल पर ओजोन का स्तर बढ़ रहा है। इससे नाक और सांस की नलिकाओं में सूजन और संक्रमण की शिकायत बढ़ रही है जिससे लोग खांसते-खांसते परेशान हैं। प्रदूषण और आर्द्रता बढ़ने से फोटो केमिकल स्मॉग भी बन रहा है। प्रो जेवी सिंह के मुताबिक फोटो केमिकल स्मॉग में निचली सतह पर ओजोन की मात्रा लगातार बढ़ रही है। यह ओजोन नाक और सांस की नलिकाओं के म्यूकस (द्रव्य पदार्थ) को नुकसान पहुंचा रही है। इससे आम लोगों में सांस की नलिकाओं में सूजन और संक्रमण हो रहा है। प्रदूषण से अस्थमा और क्रानिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित मरीजों की सांस उखड़ने लगी है।

पर्यावरण प्रदूषण की समस्या जिस तरह विकराल रूप धारण कर रही है, उससे लगता है कि कुछ ही सालों में विकासशील देशों में रहने वाले लोगों की औसत उम्र में और भी कमी आएगी। आमतौर पर शहरों में रहने वालों को प्रदूषण की समस्या से दो-चार होना पड़ता है, लेकिन अब गांवों और छोटे कस्बों में भी प्रदूषण की समस्या से लोगों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत के अनेक प्रदेशों में किसानों द्वारा पराली जलाने से वायु प्रदूषण, डीजे के शोर से ध्वनि प्रदूषण और उड़ती धूल के कणों से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि गांवों में रहने वाले लोग उन बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं, जो आमतौर पर शहरों की मानी जाती थीं।

पराली जलाने से हवा और सेहत तो चौपट हो ही रही है, जमीन की उर्वरा-शक्ति में जबर्दस्त कमी देखी जा रही है। सर्वेक्षण के मुताबिक भूमि में अस्सी फीसद तक सल्फर, नाइट्रोजन और बीस फीसद अन्य पोषक तत्त्वों की कमी आई है। इसके अलावा जमीन में मौजूद 'मित्रकीट' नष्ट हो रहे हैं। कीटों का प्रकोप गांवों में बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है और भूमि की जल धारण क्षमता में कमी आ रही है। इस पर गौर करने की जरूरत है। शहरों में घरों और कारखानों का कचरा और गांवों में पराली दोनों पर्यावरण की बर्बादी कर रहे हैं। प्रकाश प्रदूषण की बढ़ती समस्या पर काबू पाने के उपाय जरूरी हो गए हैं।

# जैसे को तैसा नहीं

एकता कानूनगो बक्षी

### दुनिया मेरे आगे

कई साल बाद एक पुरानी दोस्त से मिली। वह कॉलेज के दिनों में अपने अच्छे स्वभाव, चुस्त-दुरुस्त व्यक्तित्व के कारण सबकी चहेती हुआ करती थी। आज जब उससे मिलने एक रेस्टोरेंट में जा रही थी तो यही सोच रही थी कि उससे मिल कर बीते दिनों को याद करके हम खूब ठहाके लगाएंगे और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठेंगे। लेकिन वहां पहुंचने के बाद हुआ इससे बिल्कुल अलग। इतने वर्षों बाद वह पूरी तरह बदली हुई नजर आई। उसके चेहरे की चमक और देहयष्टि में तो अंतर आया ही था, स्वभाव भी एकदम भिन्न महसूस हुआ। रेस्टोरेंट के वेटर को ही छोटी-सी बात पर दो बार डांट चुकी थी। आखिर मैंने उससे पूछा- 'तुम इतना बदल कैसे गईं, ऐसी तो नहीं थी कभी?'

इस पर उसने मेरी तरफ बहुत अचंभित भाव से देखते हुए कहा- 'क्या कह रही हो? मैं तो वैसी ही हूं... शायद और परिपक्व हो गई हूं। पहले नासमझ थी। जीवन में आड़े-टेढ़े लोगों और उतार-चढ़ाव भरे रास्ते पर सीधा चलना भी आ गया और लोगों को सीधा करना भी आ गया है अब मुझे। हर हाल में पहले से बेहतर हूं।' यह कह कर वह कुछ व्यथित-सी हो गई तो मैंने बात को बदल दिया। मैंने सोचा कि दूसरों से लड़ते-झगड़ते उसने खुद को ही शायद उलझा लिया है।

मुझे लगता है 'जैसे को तैसा' की कहावत को गलत तरह से समझने से हमें बचना चाहिए। यह सोचना कि किसी ने हमारा बुरा किया तो हम भी उसके साथ बुरा करेंगे, गलत है। उसकी प्रकृति से वह खुद ही अपने लिए दुख के बीज बो रहा है। सामने वाले के जैसा सम व्यवहार करके हम खुद की प्रकृति को भी अनजाने में बदल रहे होते हैं।

इसके विपरीत असल में हमें वैसा व्यवहार करना चाहिए जैसा हम दूसरों से अपने लिए उम्मीद करते हैं। ऐसे में कम से कम हम एक आदर्श व्यवहार का उदाहरण तो अप्रत्यक्ष रूप से सामने वाले को दे ही रहे होते हैं, जो कहीं न कहीं उसके मन को जरूर स्पर्श करेगा। इसके अलावा, दूसरे को सबक सिखाने के चक्कर में अपनी ऊर्जा और समय गंवाने से अच्छा है, वह समय और ऊर्जा खुद को बेहतर बनाने में लगाई जाए।

मेरी दोस्त की तरह ही मनुष्य के व्यवहार में बदलाव होने के कई ऐसे उदाहरण हमारे सामने मौजूद हैं, जिनके चलते व्यक्ति का भविष्य पूरी तरह बदल सकता है। जब कभी कोई दिशाहीन हो जाता है तो उसे अच्छी सलाह, अच्छे वातावरण और अच्छी किताबों के जरिए सही मार्ग पर सफलतापूर्वक लाया जा सकता है। कई पुनर्वास केंद्र इस तरह के काम में संलग्न हैं जो अनेक परेशान लोगों में उमंग और नई उम्मीद जगाने का महत्त्वपूर्ण काम करते रहे हैं।

जब कभी हमारा सामना ऐसे लोगों और वातावरण से हो, जहां संवाद, आचरण और समझ का स्तर कमतर, संकुचित लगे, तब हमें उसी स्तर तक जाने से बचना चाहिए। बल्कि ऐसे में अपने विचारों की श्रेष्ठता, व्यावहारिक और विनम्र आचरण के आदर्श स्थापित कर उस दूषित, कटु वातावरण को बेहतर बनाने का प्रयास करना उचित कहा जा सकता है। जहां विचार अशुद्ध है और सत्य का अभाव होता है, अक्सर वहां संवाद आक्रामक और आवाज बुलंद होती है। वहीं जहां ज्ञान और विवेकशीलता होगी, वहां बड़े-बड़े मसले भी बहुत शांति और विनम्रता से हल हो जाते हैं।

ऐसी बात नहीं है कि वाद-विवाद, मतभेद हमेशा ही विध्वंसकारी या घातक होते हैं। विवेकपूर्ण बहसों, विमर्शों और विचारों के मंथन से ही आखिर में कुछ बेहतर निकल कर आता है। पर जब वाद-विवाद, स्वार्थ, गुस्से और अहंकार से दूषित हो जाए और हर व्यक्ति आत्मकेंद्रित हो जाए, नए नजरिये का स्वागत न हो, तो वह सिर्फ कलह कहा जाएगा। वह घातक है। वहां सब कुछ एकतरफा होता जाता है। जहां किसी भी बात के समर्थन या पुष्टि के लिए वास्तविक और तर्कसंगत तथ्यों का उपयोग नहीं होता, वहां अक्सर एक हंगामा और एक-दूसरे पर दोषारोपण होता रहता है। भूत और भविष्य को लेकर आपसी खींचतान, छीछालेदारी से निरर्थक क्लेश पैदा होने लगता है। ऐसे में अपनी ठीक बात रखना भी व्यर्थ हो जाता है। उस समय खुद को मौन रखना या सही समय का इंतजार करना ही हितकर हो सकता है।

अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर विवाद गलत शब्दों के चयन, बोलने के तरीके और हमारी भाव-भंगिमा से ही बढ़ जाते हैं। ऐसे में हमारा सचेत रहना तो जरूरी है ही, सकारात्मक सोच, सही आचरण और अन्य की मनःस्थिति को समझने का प्रयास काफी हद तक परिस्थिति को बेहतर कर सकता है। हमारा परिपक्व और विनम्र व्यवहार ही हमें उस कठिन रास्ते से पार लगा सकता है।

कहीं आग लगाती है तो हम उस पर पानी डालते हैं और उससे खुद को बचाने का प्रयास भी करते हैं। यही रवैया हमें अपने जीवन में भी रखना शायद बहुत जरूरी है। हर मिजाज के लोग हमें हर रोज मिलते हैं। उनके स्वभाव को हमें अपने पर हावी नहीं होने देना चाहिए। 'जैसे को तैसा' व्यवहार के बजाय अपने सहज और विनम्र स्वभाव के साथ युक्तिसंगत और विवेकपूर्ण व्यवहार शायद एक उचित पहल होगी।

## अपराध और दंड

हैदराबाद में पशु चिकित्सक युवती से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना से देश में गुस्से का माहौल है। होना भी चाहिए, आखिर आधी आबादी की सुरक्षा का सवाल है। लेकिन इस सबके बाद खबरिया टीवी चैनलों में एक चर्चा शुरू हुई कि क्या बलात्कार करने वाले को भीड़ के हवाले कर दिया जाए या भारत में अरब देशों जैसे कानूनों को लाया जाए, जिसके तहत मुजरिम का सर काट दिया जाता है। ये मुद्दे गुस्से से उपजी प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं लेकिन कानूनसम्मत और व्यावहारिक नहीं।

हमें ऐसे बयान देते वक्त सिर्फ एक पहलू को नहीं देखना चाहिए, यह गैरजिम्मेदाराना है। अगर हम अरब देशों के नियम-कानूनों को लागू करने की बात करते हैं तो हमें यह भी जान लेना चाहिए कि कई अरब देशों में महिलाओं के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार किया जाता है। सऊदी अरब में महिलाओं को बिना पुरुष के निकलने की आजादी के लिए एक अभियान चलाना पड़ा था। अरब देशों में महिलाओं को अपनी आजादी के लिए समय-समय पर लड़ना पड़ता है लेकिन इसके विपरीत भारत ऐसा लोकतंत्र है जहां महिलाओं को बराबर को अधिकार दिए गए हैं। हम उनसे भारत की तुलना या भारत में उन देशों के नियमों को लागू नहीं कर सकते जहां मुजरिम को पत्थर से मार देने का कानून सिर्फ पुरुषों के लिए नहीं बल्कि महिलाओं के लिए भी लागू है। क्या हम इसके लिए तैयार हैं?

अभिप्राय यह नहीं कि बलात्कारियों को सजा न मिले, लेकिन देश में हम आरोप सिद्ध होने का इंतजार किए बिना ही कैसे किसी को भीड़ के हवाले कर सकते हैं या मार सकते हैं? नगालैंड, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के अलग-अलग तीन ऐसे मामलों में आरोपित को भीड़ ने निर्ममता से मार दिया था लेकिन बाद में जांच में उन तीनों के निर्दोष होने की बात सामने आई। ऐसे किसी निर्दोष की हत्या हम कैसे होने दे सकते हैं?

बलात्कारियों को मृत्युदंड एक अच्छा प्रस्ताव है लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत हो और इसी प्रक्रिया में तेजी लाने की आवश्यकता है। आरोप सिद्ध होने के दो माह के अंदर दोषियों को फांसी की सजा हो, यही न्याय होगा। सरकारों और न्यायपालिका को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि बलात्कार के मामलों में तेजी से सुनवाई हो। न्यायिक प्रक्रिया में जब तक तेजी नहीं आएगी, बलात्कारियों के मन में कानून का भय व्याप्त नहीं होगा।

● *अभिषेक सिंह, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

चौपाल

## विनिवेश के बजाय

आर्थिक सुधार के मोर्चे पर एक बड़ा कदम बता कर सरकारी कंपनियों का विनिवेशीकरण मौजूदा सरकार की प्राथमिकताओं में दिखता है। पर क्या इससे वास्तव में हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार होगा या कंपनियों की कार्यप्रणाली सुधरेगी? इसकी जांच करने पर हम पाते हैं कि विनिवेश के तहत कुछ प्रतिशत शेयर बेच देने से कोई विशेष फर्क पड़ने वाला नहीं है। अगर पूरी तरह से इनका स्वामित्व निजी कंपनियों के हाथों में भी दे दिया जाए तो कई सारी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। कर्मचारियों के हितों का हनन तो होता ही है, उनकी नौकरी तक पर खतरा उत्पन्न हो जाता है।

यह निजीकरण और विनिवेश एक ऐसे माहौल में हो रहा है जब देश में बेरोजगारी एक बड़े संकट के रूप में मौजूद है। साथ ही पूंजी की भारी कमी है, घरेलू कंपनियां घाटे में चल रही हैं, कर्ज में डूबी हैं और बैंकों की हालत भी ढीली है। अपेक्षित कर-संग्रह में सरकार विफल रही है जिसके चलते उसे बार-बार कर जमा करने और सब्सिडी छोड़ने की अपील करनी पड़ती है।

सार्वजनिक कंपनियों की जमीन पर नजरें गड़ाए उद्योगपतियों को ध्यान में रख कर लाभ देने वाले उपक्रमों की भी बिक्री से पैसा उगाही कर सरकार वाहवाही तो लूट सकती है लेकिन इससे आर्थिक संकट और बढ़ेगा ही। तात्कालिक कदम से ज्यादा भविष्य को ध्यान में रख कर फैसला लिया जाना चाहिए। जिम्मेदारियों से भागने की जगह सरकार इन कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन पर काम करे। केवल पूंजी उत्पादन पर ध्यान देने से आर्थिक विषमता को और बढ़ावा ही मिलेगा।

● *विशाल कुमार शर्मा, मोतिहारी, बिहार*

## अवसरवादी राजनीति

आजादी के कुछ वर्ष बाद ही अवसरवादी राजनीति ने अपना क्रूर पंजा फैलाना शुरू कर दिया था, लेकिन हाल के दिनों में इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल रहा है। वैसे तो इसके लिए किसी दल विशेष को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है, क्योंकि आज के राजनीतिक वातावरण में कोई भी दल पूरी तरह बेदाग नहीं है। इसी का नतीजा पिछले दिनों महाराष्ट्र की राजनीति में देखने को मिला। यदि सभी राजनीतिक पार्टियां प्रयास करें तो इस प्रकार की अवसरवादी राजनीति से मुक्ति मिल सकती है।

● *कपिल एम वडियार, पाली, राजस्थान*

## साधन की पवित्रता

विषबेल रूपी कई बाबा जब अंकुरित होते हैं, उस दौरान ही इन्हें राजनेताओं से प्रश्रय मिलने लगता है। फिर इनकी काया इतनी विशाल हो जाती है कि इन्हें पालने-पोसने वाले नेता और धर्म के नाम पर तरह-तरह के व्यापार करने वाले लोग खुद को इनके आगे बौना महसूस करने लगते हैं और इनकी कृपादृष्टि पाने के लिए व्यग्र नजर आते हैं। मेरे जैसा सामान्य इंसान किशोरावस्था से यह समझ गया था कि वासनाओं की पूर्ति के लिए कुछ अपवित्र प्रवृत्ति के लोग भी गुरु या संत का चोला धारण करते हैं। आखिर रावण ने भी तो सीताजी का विश्वास जीतने के लिए ऐसा ही किया था! फिर समझ नहीं आता कि लाखों-करोड़ों लोगों को उल्लू बनाने वाले नेता इनके सामने उल्लू क्यों नजर आते हैं?

मुझे नहीं लगता कि जिस व्यक्ति पर बलात्कार, अपहरण और हत्या के मुकदमे चल रहे हों, उसके साथ खड़े होकर किसी नेता को अपनी बत्तीसी दिखानी चाहिए। सत्ता पाने के लिए यदि ऐसे भ्रष्ट तरीके अपनाने पड़ते हैं तो फिर सत्ता पाकर हम आखिर कैसे पवित्र रह सकते हैं? कुछ महीने पहले एक नेता अपनी विजय के उपलक्ष्य में बलात्कार के आरोपी एक नेता को धन्यवाद देने जेल गए थे। उनकी पार्टी को उन पर कार्रवाई करनी चाहिए। गांधीजी को मानने वाले नेता यह भूल जाते हैं कि बापू लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमेशा साधन की पवित्रता पर जोर देते रहे। अमीरों की थैलियों के सहारे राजनीति करने वाले यह भूल जाते हैं कि देश की जनता को बेवकूफ बनाना अंततः उन्हें और देश को महंगा पड़ सकता है।

● *सुभाष चंद्र लखेड़ा, द्वारका, नई दिल्ली*

## उत्तराखंड श्राइन बोर्ड मसला

उत्तराखंड तीर्थ पुरोहित हकहकूकधारी महापंचायत के संयोजक सुरेश सेमवाल का कहना है कि हम तिरुपति मंदिर की तरह संपन्न नहीं हैं। सरकार ने गंगोत्री-युमनोत्री धाम के लिए आपदा के समय से लेकर अभी तक एक भी रुपए नहीं दिया है। हम जजमान और स्थानीय लोगों के सहयोग से काम करते हैं। चार धाम श्राइन बोर्ड बनाने का निर्णय राज्य सरकार ने बिना पंडा समाज को विश्वास में लिए कर दिया हजारों परिवारों को बेघर करने की राज्य सरकार की नियत को सहन नहीं किया जाएगा।

# बैरागी राजाओं के संग्रहालय में हैं बापू के तीन बंदर

राज सिंह

छत्तीसगढ़

'बुरा मत देखो', 'बुरा मत कहो' और 'बुरा मत सुनो'। नैतिक शिक्षा का उपदेश देती, बापू के इन तीन बंदरों की मूर्तियों को कौन नहीं जानता। बंदर की इन तीन मूर्तियों के माध्यम से महात्मा गांधी ने नैतिक शिक्षा का यह संदेश जन-जन तक पहुंचाया, लेकिन इन तीन बंदरों की मूर्तियों के इतिहास से आज भी अधिकतर लोग अनभिज्ञ हैं। मानव जाति को नैतिकता की सीख देती हुई, तीन बंदरों की पत्थर से बनी मूर्तियां रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में प्रदर्शित की गई हैं। संग्रहालय में लिखा हुआ है कि ये मूर्तियां 16 वीं या 70 वीं शताब्दी की हैं और इन्हें राजनंदगांव के पूर्व शासक महंत राजा घासीदास के व्यक्तिगत संग्रह से प्राप्त किया गया था।

संभव है कि महात्मा गांधी ने भी यह संग्रहालय देखा हो और नैतिकता की शिक्षा देते हुए बंदरों की इन तीन मूर्तियों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने यह संदेश जन-जन तक पहुंचा दिया। महंत घासीदास संग्रहालय छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में है। यह संग्रहालय राजभवन से मात्र कुछ ही कदम की दूरी पर है। इसे नंदगांव रियासत के बैरागी राजा महंत घासीदास ने सन 1875 में बनवाया था। नंदगांव रियासत की राजधानी राजनंदगांव में थी। 1953 में राजमाता जयंती देवी और उनके पुत्र राजा दिग्विजय दास ने इस भवन का पुनर्निर्माण कराया था। संग्रहालय के नए भवन का लोकार्पण भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के कर कमलों किया गया। रानी जयंती देवी का विवाह 2 मार्च 1932 को नंदगांव के राजा सर्वेश्वर दास से कोलकता में हुआ था। राजकुमारी जयंती देवी मयूरभंज के राजा केशव चंद्र सेन की पौत्री थी। राजा महंत घासीदास नंदगांव रियासत के आठवें राजा थे। 1 जनवरी 1948 को इस रियासत का स्वतंत्र भारत में विलय हो गया। उस वक्त रियासत के आखिरी राजा, दिग्विजय दास नाबालिग थे, इसलिए विलय की संधि पर राजमाता जयंती देवी ने हस्ताक्षर किए। महंत घासीदास संग्रहालय एक पुरातात्विक संग्रहालय है जो भारत के अत्यंत प्राचीनतम 10 संग्रहालय में से एक है। इस संग्रहालय में बैरागी राजाओं के हथियारों के अतिरिक्त देवताओं की अनेक मूर्तियां, प्राचीन सिक्के और छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति से संबंधित अनेक चीजें प्रदर्शित की गई हैं।

नंदगांव रियासत की स्थापना, वैष्णव परंपरा से संबंध रखने वाले निंबार्क संप्रदाय और निर्मोही अखाड़े के संत प्रसाद दास बैरागी ने की थी। प्रसाद दास बैरागी पंजाब से आए थे और वे बिलासपुर के निकट स्थित रतनपुर नामक स्थान पर मराठा राजा बिंबा जी के राजगुरु बन गए थे। प्रसाद दास बैरागी, सनातन धर्म की वैष्णव परंपरा का प्रचार करने के लिए पंजाब से 1665 में रतनपुर आए और मराठा राजाओं ने उन्हें एक छोटी सी जमीदारी दान में दी। बाद में बैरागी संत के उत्तराधिकारी, महंत रघुवर दास और महंत हिमाचल दास ने तीन अन्य जमीदारी भी अपनी रियासत में शामिल कर ली। ये बैरागी राजा निर्मोही अखाड़े से संबंध रखते थे इसलिए उन्हें लड़ाई और शस्त्रों का भी अच्छा अनुभव था। राजनांदगांव के राजा सनातन धर्म के बहुत बड़े संतों में से थे। इसलिए वे राजा होने के साथ-साथ अन्य कई रियासतों के राजगुरु भी थे। उनकी संत प्रवृत्ति की झलक पत्थर से बनी इन तीन मूर्तियों में बड़ी आसानी से देखी जा सकती है जो कुछ भी न बोलकर, कई शताब्दियों से मानव जाति को नैतिकता का पाठ पढ़ा रही हैं।

*(लेखक वरिष्ठ आइएएस अधिकारी हैं)*

# अस्पतालों में मरीजों के अनुपात में नर्सों की कमी

राजीव जैन
जयपुर।

राजस्थान

राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी के साथ नर्सों की भी भारी कमी से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में कुछ वर्षों में नर्सें की नियमित भर्तियां नहीं होने से ज्यादातर अस्पतालों में उनकी कमी हो गई है। प्रदेश के बड़े अस्पतालों में नियमित नर्सें के बजाए संविदा पर नर्सिंगकर्मी लगाए गए हैं, जिनके भरोसे ही मरीजों की देखभाल हो रही है। प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में ही तय हिसाब से आधे से भी कम नर्सिंगकर्मियों के भरोसे मरीजों का इलाज हो रहा है।

प्रदेश में एक तरफ जहां नर्स की कमी है वहीं दूसरी तरफ हजारों की संख्या में युवा नर्सिंग की पढ़ाई करके भर्तियों का इंतजार कर रहे हैं। सरकार कह रही है कि जल्द ही प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा नर्स की भर्ती की जाएगी। बता दें कि प्रदेश में नर्स को कई श्रेणियों में बांट कर भर्तियां की जाती हैं। प्रदेश में एएनएम, एलएचवी, नर्स ग्रेड प्रथम और नर्स ग्रेड द्वितीय श्रेणी के पदों पर नर्स की तैनाती उनके कोर्स के हिसाब से सरकारी अस्पतालों में होती है। एएनएम की नियुक्तियां ज्यादातर प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों पर होती हैं जो कि ग्रामीण इलाकों में स्थित हैं। सरकार इन्हें भी संविदा अर्थात अनुबंध के आधार पर ही तैनात करने पर ज्यादा जोर देती है। चिकित्सा जैसे पवित्र काम के लिए अनुबंध पर नर्स लगाने से उनके काम में गुणवत्ता के साथ ही मरीज की देखभाल जैसे मानवीय पहलू गायब ही रहते हैं।

नर्सिंगकर्मियों की कमी पर कई बार डॉक्टरों ने सरकार के आला अफसरों का ध्यान भी दिलाया। इसके बावजूद काउंसिल के मानकों की राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह से धज्जियां उड़ रही है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जयपुर के सवाई मानसिंह में तो हालत बदतर ही है। इस अस्पताल में मरीजों की संख्या के हिसाब से करीब चार हजार नर्सिंगकर्मी होने चाहिए जबकि मौजूदा समय में सिर्फ 1500 ही नर्सिंगकर्मी कार्यरत हैं। यह अस्पताल मरीजों की संख्या के हिसाब से हर साल एम्स दिल्ली का भी रेकॉर्ड तोड़ रहा है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से प्रदेश में मौजूदा में करीब 64 हजार नर्सिंगकर्मी कार्यरत है, इनमें से पंद्रह हजार तो अनुबंध पर ही हैं। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में करीब 20 हजार नए नर्सिंगकर्मियों की तुरंत जरूरत है। वहीं बेरोजगार नर्सिंग छात्र भर्ती की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

*स्वास्थ्य* विभाग भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। प्रदेश में जल्द ही 737 डॉक्टर और 15500 नर्सिंगकर्मियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए सरकार ने बजट प्रावधान भी कर दिया है। नई भर्तियों के बाद अस्पतालों में नर्स की कमी दूर हो जाएगी। नई भर्तियों के बाद अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार के लिए भी सरकार जरूरी कदम उठाएगी। नर्सों की कमी से होने वाली परेशानियों से सरकार चिंतित है।
*- रघु शर्मा, चिकित्सा मंत्री*

*इंडियन* नर्सिंग काउंसिल के मानकों के अनुसार किसी भी अस्पताल में तीन मरीज पर एक नर्सिंगकर्मी होना चाहिए। आउटडोर में 20 मरीजों पर एक नर्सिंगकर्मी, आइसीयू में एक मरीज पर एक नर्स, ऑपरेशन थियेटर में भी एक मरीज पर एक नर्सिंगकर्मी होना बेहद जरूरी है। इसके अलावा हर अस्पताल में 25 फीसद नर्सिंगकर्मी रिजर्व में रखे जाने चाहिए।
*-डॉक्टर सुनील गुप्ता*

*मरीजों* के अनुपात में प्रदेश के अस्पतालों में नर्स की भारी कमी है। अस्पतालों में नर्स की नियुक्ति आइएनसी के मानकों के अनुसार नहीं है। नर्स की कमी के कारण कई बार मरीजों के तीमारदारों और नर्सिंगकर्मियों के बीच टकराव भी हो जाता है। सरकार को फौरन ही नियमित नर्स की भर्ती प्रक्रिया को शुरू कर अस्पतालों की हालत में सुधार करने के कदम उठाने चाहिए।
*-राजेंद्र राणा, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष*

# श्राइन बोर्ड के खिलाफ सड़कों पर उतरे पंडे-पुरोहित

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून।

उत्तराखंड

उत्तराखंड के चारों धामों और 51 मंदिरों के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड श्राइन बोर्ड के गठन के निर्णय के खिलाफ यहां के पंडे-पुरोहित सड़कों पर उतर आए हैं। पंडे-पुरोहितों ने ऐलान किया है कि वे राज्य सरकार के खिलाफ तब तक अपना आंदोलन जारी रखेंगे जब तक राज्य सरकार उत्तराखंड श्राइन बोर्ड बनाने का फैसला वापस नहीं लेती। पुरोहितों ने इसे सरकार का काला कानून बताया है। इसके खिलाफ देहरादून, हरिद्वार, देवप्रयाग, रुद्रप्रयाग ,कर्णप्रयाग, जोशीमठ समेत उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में तीर्थ पुरोहितों ने प्रदर्शन किया और राज्य सरकार का पुतला फूंका। पुरोहितों का कहना है कि ऐसा करके राज्य सरकार हमारे हक हकूक पर डाका डालना चाहती है। उत्तराखंड विधानसभा के सत्र के दौरान पंडे-पुरोहितों ने विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया है।

वहीं विपक्ष ने भी इस मुद्दे का समर्थन किया और सरकार पर पंडे-पुरोहितों के आर्थिक हितों पर हमला करने का आरोप लगाया है। विपक्षी दल का कहना है कि प्रदेश सरकार हजारों सालों से उत्तराखंड के मंदिरों और चारों धामों में चल रही प्राचीन वैदिक सभ्यता को मिटाने पर तुली है। इस समय उत्तराखंड के चार धामों और चिन्हित किए गए 51 मंदिरों में स्थानीय पांडे और पुजारियों का आधिपत्य है। वहीं उत्तराखंड के चारों धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ के लिए राज्य सरकार ने बद्री केदार मंदिर समिति का गठन किया है। इन चारों धामों की व्यवस्था फिलहाल मंदिर समिति देखती है, जिसके अध्यक्ष महामंत्री और अन्य पदाधिकारियों तथा सदस्यों का मनोनयन राज्य सरकार ही करती है।

उत्तराखंड भाजपा के कई विधायक भी सरकार के इस फैसले से सहमत नहीं है और वे राज्य में पंडित- पुरोहितों के आंदोलित होने से परेशान हैं, क्योंकि उन्हें अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में अपनी राजनीतिक जमीन खिसकने का भय है। कांग्रेस ने इस आंदोलन को अपना समर्थन देकर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है। उत्तराखंड के पंडे पुरोहितों के साथ उत्तराखंड के विभिन्न ब्राह्मणों के संगठन भी जुड़ गए हैं। हरिद्वार की हरकी पैड़ी की प्रबंध कारिणी संस्था श्री गंगा सभा, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा जैसे तमाम संगठन भी पुरोहितों के साथ खड़े हैं। साथ ही चार धाम पुरोहित समाज को परिषद का पूरा समर्थन देने की घोषणा की है।

उत्तराखंड पंडे-पुरोहित महापंचायत के महामंत्री हरीश डिमरी की कहना है कि महापंचायत ने आगे की रणनीति तय करने के लिए कोर कमेटी के गठन का फैसला किया है। विधानसभा कूच का फैसला अपनी जगह कायम है। चार धाम श्राइन बोर्ड बनाने के सरकार के फैसले को लेकर विवाद शुरू हो गया है। चारों धाम के तीर्थ पुरोहितों ने सरकार के इस निर्णय के खिलाफ सड़कों पर उतरने का ऐलान कर दिया है। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार के इस निर्णय को काला कानून करार दिया है।



*उत्तराखंड* चारधाम श्राइन बोर्ड का गठन प्रदेश में बड़ी तादाद में आ रहे तीर्थयात्रियों की सुख- सुविधाओं के लिए किया गया है। अनुमान है कि 2030 तक चार धामों में एक करोड़ तीर्थयात्री हर साल आया करेंगे, यह संख्या बढ़ भी सकती है। इसलिए श्राइन बोर्ड का गठन जरूरी है। पंडे पुरोहितों के हितों का भी श्राइन बोर्ड में पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस बारे में विपक्ष गलत राजनीति कर रहा है और गलत परंपराओं को जन्म दे रहा है।
*-त्रिवेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री*

*महापंचायत* ने आगे की रणनीति तय करने के लिए कोर कमेटी के गठन का फैसला किया है। चारों धाम के तीर्थ पुरोहितों ने सरकार के इस निर्णय के खिलाफ सड़कों पर उतरने का ऐलान कर दिया है। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार के इस निर्णय को काला कानून करार दिया है।
*-हरीश डिमरी, उत्तराखंड पंडे पुरोहित महापंचायत के महामंत्री वधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक*

*उत्तराखंड* श्राइन बोर्ड के गठन का फैसला पुरोहितों को बिना विश्वास में लिए किया गया है। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में सालों से मंदिरों और चार धामों की जो व्यवस्था चली आ रही थी। वह वैदिक कालीन परंपरा है, जिसे राज्य सरकार ध्वस्त करना चाहती है। कांग्रेस इस मामले को विधानसभा में जोर-शोर से उठाएगी।
*-डॉ इंदिरा हृदयेश, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता*

*राज्य* सरकार ने चार धाम श्राइन बोर्ड का गठन करने का फैसला लेते वक्त पर्वतीय क्षेत्र के भाजपा विधायकों को विश्वास नहीं लिया, जिससे हमारे लिए असहज स्थिति बनी हुई है और तीर्थ पुरोहित इस बोर्ड के गठन का जोरदार विरोध कर रहे हैं।
*-केदार सिंह रावत, गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक*

# वित्तीय संकट के बीच शताब्दी समारोह

गजेंद्र सिंह
नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश

### ये विवि हुए सौ साल के

| वर्ष | विश्वविद्यालय |
| --- | --- |
| 1857 | कोलकाता, मद्रास, बांबे विश्वविद्यालय |
| 1887 | इलाहाबाद विश्वविद्यालय |
| 1916 | काशी हिंदू विश्वविद्यालय और मैसूर विश्वविद्यालय |
| 1917 | पटना विश्वविद्यालय |
| 1918 | हैदराबाद विश्वविद्यालय |
| 1920 | अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय |

अपनी स्थापना के सौ साल की दौड़ पूरी करने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय दसवां विश्वविद्यालय बन गया है। तमाम झंझावत को पार करते हुए विश्वविद्यालय इस पड़ाव पर खड़ा है कि वह शताब्दी समारोह का जश्न भी वित्तीय संकट के बीच मना रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से सौ साल पूरा करने वाले विश्वविद्यालयों को दी जाने वाली अनुदान राशि भी बंद हो चुकी है और लखनऊ विश्वविद्यालय को अपनी विरासत संभालने को यह मदद भी नहीं मिल पाएगी। वित्तीय संकट से जूझ रहे लखनऊ विश्वविद्यालय को राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान भी 1994 से बंद है।

लखनऊ विश्वविद्यालय अपने कुल बजट का करीब 150 करोड़ रुपए वेतन पर खर्च करता है। राज्य सरकार की ओर से विश्वविद्यालय को तीन करोड़ रुपए ही दिए जाते हैं। सरकार के पास विश्वविद्यालय के वेतन हिस्से का करीब 160 करोड़ रुपए आता है लेकिन अनुदान बंद किए जाने की वजह से यह भार विश्वविद्यालय प्रशासन को खुद वहन करना पड़ता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ एसपी सिंह बताते हैं कि 1994 में तमाम अनियमितताओं के बाद सरकार ने विवि का अनुदान फ्रीज (रोक) कर दिया। विश्वविद्यालय में कई सालों से पदों के लिए विज्ञापन नहीं निकले लेकिन भर्तियां होती गईं। कई प्राध्यापक भी इसी के तहत भर्ती हुए जो अच्छी तनख्वाह पाते हैं। विश्वविद्यालय खुद से 120 करोड़ रुपए कमाता है जबकि उसका वेतन पर खर्च 150 करोड़ रुपए से अधिक होता है। ऐसे में विश्वविद्यालय अपने कई कार्यों को करने में असमर्थ है।

डॉ. एसपी सिंह बताते हैं कि यूजीसी की ओर से सौ साल पूरे करने वाले विश्वविद्यालयों को अच्छी खासी धनराशि दी जाती थी, लेकिन पिछली पंचवर्षीय योजना के तहत यह बंद कर दिया गया और फंड करने का प्रारूप बदल दिया गया। डॉ. एसपी सिंह कहते हैं कि अगर यूजीसी की ओर से यह धनराशि मिलती तो विश्वविद्यालय अपनी हालत को सुधार सकता था। क्योंकि 165 साल हो गए इस भवन को जिसके जीर्णोद्धार के लिए काफी रुपए लगेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीरज जैन कहते हैं कि विश्वविद्यालय के सौ वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार से मांग है कि इसे विशेष दर्जा दिया जाए जिससे इसकी अहमियत बनी रहे। यूजीसी से जुड़े एक अधिकारी बताते हैं कि सौ साल पूरे होने पर जो दस करोड़ रुपए की अनुदान राशि दी जाती थी उसे 12वीं योजना के तहत बंद कर दिया गया है। यह 2012 से 2017 तक चलाई गई थी।

### गौरवशाली है इतिहास

एक मई, 1864 को हुसैनाबाद कोठी में शुरू हुए एक कॉलेज को अंग्रेज गर्वनर की याद में बने कैनिंग कॉलेज को 1920 में विश्वविद्यालय का रूप दिया गया और 1921 में विश्वविद्यालय की स्थापना हो गई। 178 कॉलेजों के साथ एक लाख 60 हजार विद्यार्थियों वाले इस विश्वविद्यालय की काफी रकम वेतन के बाद परीक्षा आयोजित करने में खर्च होती है। विश्वविद्यालय के साथ काफी पुराना 1870 का आइटी महिला कॉलेज भी जुड़ा हुआ है। इससे पहले किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज भी जुड़ा था, जिसे 2000 के बाद अलग विश्वविद्यालय का दर्जा दे दिया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना आवासीय विवि के रूप में हुई थी जबकि अन्य की सिर्फ संबद्धता के लिए की गई थी। इलाहाबाद विवि को 1887 में स्थापना के 33 साल बाद 1920 में आवासीय विवि स्थापित किया गया।

### याद रहेगा विश्वविद्यालय का अतीत

1928 में पंडित नेहरू को बचाने के लिए यहां के छात्रों ने लाठियां खाई थीं। 1929 में महात्मा गांधी और सरोजनी नायडू का भाषण हो चुका है। जेपी आंदोलन का भी गवाह रहा है यह विश्वविद्यालय। विश्वविद्यालय से निकले शंकर दयाल शर्मा ने देश के राष्ट्रपति का पदभार संभाला। राजनेता हरीश रावत, केसी पंत, सुरजीत सिंह बरनाला, विजयराजे सिंधिया, राम गोविंद चौधरी, दिनेश शर्मा, इसरो की ऋतु करिधल, गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य, क्रिकेटर सुरेश रैना और कई जाने-माने पत्रकार यहां से पढ़े हुए हैं।

www.readwhere.com

केंद्र सरकार का प्रस्ताव

# एकल परीक्षा के जरिए एक ही एजंसी करे ज्यादातर सरकारी भर्तियां

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (भाषा)।

• कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रस्तावित कदम किसी भी पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को समान अवसर उपलब्ध कराएगा।

केंद्र ने एक बड़ा कदम उठाते हुए, ग्रुप 'बी' और 'सी' के पदों के लिए होने वाली सभी भर्तियों को एकल परीक्षा - सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) के जरिए एक विशिष्ट एजंसी से कराने का प्रस्ताव दिया है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' (राजपत्रित) की अन्य सेवाओं के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस), भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) और भारतीय वन सेवा (आइएफओएस) के अधिकारियों के चयन के लिए हर साल सिविल सेवा परीक्षा कराता है। इसके अलावा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) केंद्र सरकार के विभागों के लिए भी भर्तियां करता है- मुख्य तौर पर ग्रुप 'बी' पदों पर कर्मचारियों का चयन करने के लिए।

कार्मिक मंत्रालय ने कहा- ग्रुप 'बी' गैर-राजपत्रित पदों, सरकार में ग्रुप 'सी' के कुछ पद और सहायक सरकारी संगठनों में इन्हीं पदों पर नियुक्ति हेतु उम्मीदवारों के चयन के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा कराने के लिए एक विशिष्ट एजंसी गठित करने का प्रस्ताव दिया गया है। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रस्तावित कदम किसी भी पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को समान अवसर उपलब्ध कराएगा।

इसके अलावा परीक्षा कराने वाली सरकारी एजंसियों और परीक्षा में शामिल होने वालों के लिए यह किफायती होगा। सिंह ने कहा, 'शासन में सुगमता और जीवन सुगमता के लिए यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों में से एक है।' मंत्रालय ने दूसरे मंत्रालयों/ भारत सरकार के विभागों, राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन और लोगों/ साझेदारों, खासकर सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों से जवाब मांगा है।

हालिया सरकारी आंकड़ों के मुताबिक एक मार्च, 2018 तक केंद्र सरकार के विभागों में कुल 6,83,823 रिक्त पदों में से, 5,74,289 पद ग्रुप सी, 89,638 ग्रुप 'बी' और 19,896 पद ग्रुप 'ए' के हैं।

# लोकसभा में भाजपा का हंगामा, प्याज पर कांग्रेस का बहिर्गमन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 3 दिसंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए की गई टिप्पणियों को लेकर मंगलवार को लोकसभा में सत्तारूढ़ भाजपा सदस्यों ने जमकर हंगामा किया और सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी से माफी की मांग पर अड़े रहे। वहीं प्याज की महंगाई पर अपनी बात नहीं रख पाने पर कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

लोकसभा में शून्यकाल शुरू होते ही कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश में महंगाई और प्याज के बढ़ते दामों के विषय को उठाने का प्रयास किया। चौधरी के खड़े होते ही भाजपा के भी सदस्य अपने स्थानों पर खड़े हो गए और कांग्रेस सदस्य की कल की गई टिप्पणियों पर उनसे माफी की मांग करने लगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए 'घुसपैठिया' शब्द का इस्तेमाल करते हुए दिए गए चौधरी के बयान पर भाजपा के सदस्य सोमवार की तरह ही माफी की मांग करने लगे।

संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि चौधरी को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए दिए गए अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। उसके बाद ही उन्हें सदन में बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए। भाजपा की पूनम महाजन ने कहा कि सोमवार को जब हैदराबाद की घटना पर सारा सदन, सभी दल साथ खड़े थे तो कुछ समय बाद ही चौधरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए अपमानजनक टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि यह सरकार ऐसी है जहां पहले से कहीं अधिक संख्या में महिला मंत्री हैं और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति में प्रधानमंत्री मोदी के साथ दो-दो महिलाएं रहीं।

महाजन ने कहा कि निर्बल तो चौधरी हैं जो एक ही परिवार की महिला की सुरक्षा, सम्मान के लिए खड़े हैं और देश की महिलाओं की उन्हें कोई फिक्र नहीं है।

भाजपा सांसद ने कहा कि चौधरी पार्टी के एक ही परिवार के लिए खड़े हैं, देश के लिए नहीं। वह प्रधानमंत्री को घुसपैठिया कहते हैं, इसलिए वह निर्बल हैं। उन्होंने और भाजपा के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए मांग की कि अधीर रंजन चौधरी अपने बयानों के लिए सदन में माफी मांगे।

## व्यापारियों की भंडारण सीमा घटाई

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (भाषा)।

सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को खुदरा विक्रेताओं और थोक विक्रेताओं की स्टॉक सीमा कम कर दी। अब प्याज के खुदरा विक्रेता पांच टन और थोक विक्रेता 25 टन ही स्टॉक रख सकेंगे। पिछले कुछ सप्ताह से प्याज के दाम बढ़ रहे हैं। सरकार की ओर से इस प्रमुख सब्जी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई उपाय किए गए हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पहले खुदरा विक्रेताओं को 10 टन तक और थोक विक्रेताओं को 50 टन तक प्याज का स्टॉक रखने की अनुमति थी। अब यह सीमा आधी कर दी गई है। हालांकि, आयातित प्याज पर यह संशोधित स्टॉक (स्टॉक होल्डिंग) सीमा लागू नहीं होगी।

# होमगार्ड के महानिदेशक हटाए गए, 12 अन्य आइपीएस का भी तबादला

लखनऊ, 3 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश में सभी जिलों में होमगार्डों की फर्जी ड्यूटी के नाम पर हुए करोड़ों रुपए के घोटाले की गाज अब विभाग के महानिदेशक पर भी गिरी है। उत्तर प्रदेश सरकार के गृह सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रदेश के डीजी होमगार्ड जीएल मीणा को पद से हटा दिया है। मीणा के स्थान पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आनंद कुमार को डीजी होमगार्ड का प्रभार दिया गया है।

## अजित और फडणवीस के बीच बातचीत की जानकारी थी : पवार

मुंबई, 3 दिसंबर (भाषा)।

दो दिन के अंदर दूसरा बड़ा खुलासा करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पता था कि पार्टी नेता अजित पवार भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के संपर्क में हैं।

पवार ने एनडीटीवी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'मैं जानता था कि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार बातचीत कर रहे हैं, लेकिन यह कयास कि मुझे अजित के राजनीतिक कदम के बारे में पता था, गलत है।' उन्होंने कहा, 'इस गतिविधि के पीछे एक पृष्ठभूमि है। कुछ मुद्दों को लेकर नेहरू केंद्र में मेरी और दिल्ली से आए कांग्रेसी नेताओं में बहस हो गई। एक पल के लिए मुझे लगा मैं इस चर्चा में शामिल न रहूं। अजित भी नाखुश था और उसने मेरे सहकर्मी से बात की कि हम कैसे काम करने जा रहे हैं। सत्ता की साझेदारी को लेकर खींचतान थी।'

पवार ने कहा, 'शिवसेना के साथ चुनाव से पहले कोई बातचीत नहीं हुई थी। हम शिवसेना और भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे। उनके साथ जुड़ने का कोई सवाल ही नहीं था।'

# गृह मंत्री ने कहा, राजोआना को कोई माफी नहीं

पेज 1 का बाकी

बादल ने कहा कि दल का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से मुलाकात कर उनसे इस मामले पर चर्चा करेगा। शिअद केंद्र और राज्य में भाजपा का सहयोगी दल है।

बादल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'मैं अपनी पार्टी की ओर से कहना चाहता हूं कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि पहले मीडिया में जो रिपोर्ट आई थी उसके अनुसार भारत सरकार ने गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर राजोआना को माफ करने का निर्णय लिया था।' गौरतलब है कि सितंबर में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार ने राजोआना को सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने कहा था कि गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर मानवीय आधार पर यह निर्णय लिया गया था। बादल ने कहा कि राजोआना तीस साल से बिना पैरोल के जेल में बंद है जो कि अन्याय है।

## मुंडे ने कोरेगांव-भीमा हिंसा मामलों को वापस लेने की मांग की

पेज 1 का बाकी

कोरेगांव-भीमा गांव में हिंसा हो गई थी। ठाकरे को लिखे पत्र में मुंडे ने दावा किया कि राज्य की पिछली देवेंद्र फडणवीस सरकार ने सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत कोरेगांव-भीमा घटनाक्रम में शामिल लोगों के खिलाफ 'झूठे' मामले दर्ज किए थे।

मुंडे ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज उठाने वाले बुद्धिजीवियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को 'प्रताड़ित' किया था। और उनमें से कई को 'शहरी नक्सली' बताया था।

# राजीव धवन ने कहा, उन्हें अयोध्या मामले से हटाया गया

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (भाषा)।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने मंगलवार को कहा कि उन्हें अस्वस्थ होने जैसे 'मूर्खतापूर्ण' आधार पर राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद प्रकरण से हटा दिया गया है। डॉ धवन ने सुप्रीम कोर्ट में इस प्रकरण में मुसलिम पक्षकारों की ओर से पैरवी की थी।

इस मामले में शीर्ष अदालत के नौ नवंबर के फैसले पर पुनर्विचार के लिए मौलाना अरशद मदनी की अध्यक्षता वाले जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता एजाज मकबूल ने कहा था कि धवन को अस्वस्थता की वजह से इस मामले से हटा दिया गया है।

राजीव धवन ने इस संबंध में फेसबुक पर एक पोस्ट लिखी है जिसमें उन्होंने कहा है कि अब इस मामले में पुनर्विचार या किसी अन्य तरह से उनका संबंध नहीं है। धवन ने कहा, 'मैंने एकजुटता के साथ सभी मुसलिम पक्षकारों की ओर से इस मामले में बहस की थी और ऐसा ही चाहूंगा।

# केवल प्रधानमंत्री को विशिष्ट सुरक्षा घेरा

पेज 1 का बाकी

2019 पर राज्यसभा में हुई चर्चा के जवाब में यह बात कही।

उन्होंने साफ किया कि यह विधेयक न तो राजनीतिक प्रतिशोध की भावना के साथ और न ही किसी परिवार विशेष को ध्यान में रखकर लाया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित कानून के कारण यदि सबसे ज्यादा किसी का नुकसान होगा तो वे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं क्योंकि इस शीर्ष पद से हटने के पांच साल बाद उनसे यह विशिष्ट सुरक्षा घेरा वापस ले लिया जाएगा।

हालांकि विधेयक पर गृह मंत्री की यह सफाई कांग्रेस सदस्यों को संतुष्ट नहीं कर पाई तथा उनके सदस्यों ने वाम /इ /द्दलों और द्रमुक के सदस्यों के साथ शाह के जवाब के बाद सदन से वाकआउट किया। शाह के जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

गौरतलब है कि विधेयक की धारा 4 में एक उपधारा का प्रस्ताव किया गया है कि प्रधानमंत्री और उनके साथ निवास करने वाले उनके निकट परिजनों को एसपीजी सुरक्षा मिलेगी। इसी के साथ किसी पूर्व प्रधानमंत्री और उनके आबंटित आवास पर उनके निकट परिजनों को संबंधित नेता के प्रधानमंत्री पद छोड़ने की तारीख से पांच साल तक एसपीजी सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

शाह ने कहा, 'ऐसी भी बात देश के सामने लाई गई कि गांधी परिवार की सुरक्षा को हटा दिया गया है। हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि सुरक्षा हटाई नहीं गई है। सुरक्षा बदली गई है।' गृह मंत्री ने इस बात पर हैरत जताई कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, वीपी सिंह, आइके गुजराल, पीवी नरसिंह राव आदि के परिजनों की भी एसपीजी सुरक्षा हटा ली गई लेकिन किसी ने आपत्ति नहीं जताई। उन्होंने कहा कि हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की भी एसपीजी सुरक्षा हटा ली गई। किंतु कांग्रेस ने कभी मनमोहन सिंह की एसपीजी सुरक्षा हटाने का विरोध क्यों नहीं किया?

शाह ने कहा कि वे गृह मंत्री होने के नाते गांधी परिवार के साथ साथ देश के सभी 130 करोड़ नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार के तीन सदस्यों और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 'जेड प्लस' सुरक्षा में जिन सुरक्षाकर्मियों को लगाया गया है वे किसी न किसी समय एसपीजी में काम कर चुके हैं।

# पाक गोलाबारी में महिला और किशोर की मौत

पेज 1 का बाकी

किशोर शोएब अहमद की मौत हो गई। गोलाबारी में दो महिलाओं समेत नौ अन्य घायल हो गए पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण नियंत्रण रेखा से सटे तमाम हिस्सों में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। भारतीय सेना ने रिहाइशी इलाकों में अलर्ट जारी करते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से सटे हिस्सों में जवानों को एहतियात बरतने को कहा गया है।

## किश्तवाड़ में आतंकवादी पकड़ा गया

पेज 1 का बाकी

और गोला बारूद बरामद किया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस, राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ के एक संयुक्त अभियान में दचन तहसील के साउंदर गांव निवासी तारिक हुसैन वानी को सोमवार की रात इखला पलामार जंगल में एक अस्थायी ठिकाने से गिरफ्तार किया गया।

# कर्नाटक में नाबालिग से बलात्कार और हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बंगलुरु, 3 दिसंबर (भाषा)।

कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के एक गांव में नौ वर्षीय लड़की के साथ कथित रूप से बलात्कार किया गया और उसकी गला दबा कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में 34 वर्षीय दर्जी यल्लप्पा महादेवप्पा सेदम को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके साथ लड़की को अंतिम बार देखा गया था। उसका खून से सना हुआ निर्वस्त्र शव सोमवार रात गांव के बाहरी इलाके में तालाब के पास खेत में मिला।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उस व्यक्ति ने लड़की को स्नैक खाने का लालच दिया और फिर उसे खेत में ले गया, जहां उसने कथित तौर पर अपराध को अंजाम दिया। इस घटना के बाद मंगलवार को जिले में विरोध प्रदर्शन हुआ, जहां सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे। प्रदर्शनकारी तख्ती पकड़े और नारे लगाते हुए बलात्कारी को मृत्युदंड देने की मांग की। बड़ी संख्या में स्कूली लड़कियों ने भी सड़क पर धरना देकर प्रदर्शन किया, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई।

विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर गांव में स्कूल बंद रहे, जबकि पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

# 170 करोड़ रुपए लेने पर कांग्रेस को भेजा गया नोटिस

नई दिल्ली, 3 दिसंबर (भाषा)।

आयकर विभाग ने कांग्रेस को एक कंपनी से 170 करोड़ रुपए की निधि कथित तौर पर लेने पर स्पष्टीकरण मांगते हुए एक नोटिस भेजा है। विभाग ने 3,300 करोड़ रुपए के हवाला रैकेट मामले में कर चोरी की जांच के सिलसिले में यह नोटिस भेजा है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस मामले में आगे की जांच के लिए, यहां पार्टी को नोटिस भेजा गया है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र के अग्रणी कॉरपोरेट घरानों से जुड़े कई परिसरों पर दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में छापों के बाद इस मामले का खुलासा हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, यह निधि हैदराबाद स्थित मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंजीनियरिंग ने कांग्रेस को भेजी थी। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग की नजर इस मामले में कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी और आंध्र प्रदेश स्थित एक राजनीतिक दल पर भी है। आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने नवंबर में एक बयान में कहा था कि कर चोरी के बड़े गिरोह का खुलासा करने के लिए ये छापे महीने के पहले सप्ताह में मारे गए थे। बयान में कहा गया था कि फर्जी बिल जारी करने और हवाला लेनदेन करने वाले लोगों के एक समूह पर दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, इरोड, पुणे, आगरा और गोवा में 42 स्थानों पर छापे मारे गए थे।

## भारतीय इंजीनियर ने खोजा लैंडर विक्रम का मलबा

पेज 1 का बाकी

की अपील की। नासा ने कहा कि षनमुगा सुब्रमण्यम ने एलआरओ परियोजना से संपर्क किया और मुख्य दुर्घटनास्थल से लगभग 750 मीटर उत्तर पश्चिम में पहले टुकड़े की पहचान की। नासा ने कहा, 'यह जानकारी मिलने के बाद, एलआरओसी दल ने पहले की और बाद की तस्वीरें मिला कर इसकी पुष्टि की। पहले की तस्वीरें जब मिलीं थी तब खराब रोशनी के कारण प्रभावित स्थल की आसानी से पहचान नहीं हो पाई थी।' नासा ने कहा कि इसके बाद 14-5 अक्तूबर और 11 नवंबर को दो तस्वीरें हासिल की गईं। एलआरओसी दल ने इसके आसपास के इलाके में छानबीन की और मलबा मिला।

# कारोबारी ने पत्नी व महिला सहयोगी संग की खुदकुशी

पेज 1 का बाकी

करने की इच्छा जाहिर की है। कारोबारी के घर से एक खरगोश का भी शव मिला है। मूलरूप से दिल्ली की झिलमिल कॉलोनी के रहने वाले गुलशन वासुदेव (45) करीब डेढ़ महीने पहले कृष्णा सैफायर सोसायटी के फ्लैट नंबर ए- 806 में किराए पर रहने आए थे। इससे पहले वे इंदिरापुरम की एटीएस सोसायटी में रहे थे। उनका दिल्ली के गांधी नगर में जींस का कारोबार है। सोमवार देर रात करीब 11 बजे गुलशन की अपने साढ़ू राकेश वर्मा से काफी कहासुनी हुई थी। घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी सुधीर सिंह के मुताबिक इसी तनाव के चलते गुलशन, उनकी पत्नी परवीन और कारोबार में सहयोग करने वाली महिला संजना ने आत्महत्या कर ली। पड़ताल के दौरान गुलशन की बेटी कृतिका (18) और ऋतिक (15) के शव कमरे में पड़े मिले। कृतिका की गला घोंटकर और ऋतिक की गला रेतकर हत्या की गई थी। घर से एक इंजेक्शन और जहर की शीशी भी मिली है। घर में एक खरगोश का भी शव मिला है। बताया जा रहा है कि खरगोश पाला हुआ था।

पुलिस के मुताबिक दोनों बच्चों की हत्या के बाद गुलशन, परवीन और संजना ने बलकॉनी में कुर्सियों पर चढ़कर एक-साथ नीचे छलांग लगा दी। आठवीं मंजिल से गिरने की जानकारी सोसायटी के सुरक्षा कर्मी ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस को संजना की सांस चलती मिली। जबकि गुलशन और परवीन की मौत हो चुकी थी। गंभीर हालत में संजना को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ देर बाद संजना ने भी दम तोड़ दिया। तफ्तीश के लिए पुलिस जब कारोबारी के फ्लैट में पहुंची, तो वहां बेटे और बेटी के शव बिस्तर पर पड़े मिले।

शुरुआती जांच और पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि गुलशन की जींस की फैक्टरी थी। उसमें घाटा होने से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। एसपी सिटी मनीष मिश्र ने बताया कि गुलशन का अपने साढ़ू के साथ दो करोड़ रुपए को लेकर विवाद चल रहा था। इस मामले में गुलशन ने साढ़ू के खिलाफ मामला दर्ज कराकर उसे जेल भी भेजा था। गुलशन ने दीवार पर लिखे सुसाइड नोट में परिवार की मौत के लिए साढ़ू राकेश वर्मा को जिम्मेदार ठहराया है। दीवार पर राकेश की तरफ से दिए गए चार बाउंस चेक भी कारोबारी ने चस्पा कर रखे थे।

# करतारपुर कॉरिडोर से फैसलाबाद जाते पकड़ी गई भारतीय युवती

पेज 1 का बाकी

करतारपुर कॉरिडोर से गुरुद्वारा दरबार साहिब पहुंची थी। कौर फेसबुक के माध्यम से उस व्यक्ति के संपर्क में थी और गुरुद्वारा में उसने उससे मुलाकात की और एक पाकिस्तानी महिला का परमिट दिखाकर उस व्यक्ति के साथ फैसलाबाद जाने का प्रयास किया।

भारतीय श्रद्धालु हाल में खुले करतारपुर कॉरिडोर के माध्यम से बिना वीजा के गुरुद्वारा दरबार साहिब जा सकते हैं लेकिन वे पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में नहीं जा सकते हैं। इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (विस्थापित न्यास संपत्ति बोर्ड) के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'यह पहली घटना है जिसमें किसी भारतीय सिख महिला ने नौ नवंबर को करतारपुर कॉरिडोर खुलने के बाद से इस सीमित क्षेत्र से बाहर निकलने का प्रयास किया है।' उन्होंने कहा कि महिला पाकिस्तानी व्यक्ति के साथ जाना चाहती थी लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने उसे सीमित क्षेत्र से बाहर नहीं जाने दिया। पाकिस्तान के अधिकारियों ने कहा कि महिला अमृतसर की है वहीं भारतीय मीडिया ने दावा किया कि वह हरियाणा के रोहतक की है।

## दरअसल

# 'प्रियंका की सुरक्षा में सेंध मामले में तीन सुरक्षाकर्मी निलंबित'

पेज 1 का बाकी

दोनों सदनों में उठाया गया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रियंका के पति राबर्ट वाड्रा ने भी इस मामले में केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। राज्यसभा में विशेष सुरक्षा बल (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि 25 नवंबर को प्रियंका गांधी की सुरक्षा पर रहे सुरक्षा अधिकारियों को यह जानकारी मिली थी कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी काली सफारी गाड़ी में उनसे मिलने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसपीजी सुरक्षा प्राप्त राहुल गांधी और प्रियंका के पति राबर्ट वाड्रा के वाहनों की आवश्यक जांच आमतौर पर नहीं होती। उन्होंने बताया कि यह एक संयोग ही था कि उसी समय मेरठ की कांग्रेस की एक महिला नेता चार अन्य कार्यकर्ताओं के साथ काली सफारी में प्रियंका के आवास पर पहुंची थी और सुरक्षाकर्मियों ने उस गाड़ी को राहुल गांधी का वाहन समझकर उनके वाहन की जांच नहीं की। उन्होंने कहा कि इन लोगों का काले रंग की सफारी गाड़ी में मौके पर पहुंचना महज एक संयोग था। गृह मंत्री ने कहा कि इस संयोग के बावजूद प्रियंका गांधी की सुरक्षा में लगे तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और इस मामले में उच्च स्तरीय जांच चल रही है।

विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के बीके हरिप्रसाद सहित कुछ सदस्यों ने इस बात पर चिंता जताई थी। इस पर शाह ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की सुरक्षा का मामला काफी महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बेहतर होता कि कांग्रेस नेता इस अति महत्त्वपूर्ण मामले को संसद में उठाने या मीडिया में जाने के बजाय उन्हें, सीआरपीएफ या कांग्रेस नेता की सुरक्षा पर निगरानी रख रहे आइजी स्तर के अधिकारी को पत्र लिखकर उन्हें इस बात की सूचना देते।

इससे पहले लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस सांसद एंटनी ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सरकार ने जब एसपीजी सुरक्षा कवर हटाने की बात की थी तब कहा था कि सीआरपीएफ की पुख्ता सुरक्षा दी गई है लेकिन फिर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई।

दूसरी ओर कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने मंगलवार को दावा किया कि एसपीजी सुरक्षा हटाकर मुख्य विपक्षी दल के शीर्ष नेताओं के जीवन को खतरे में डाला गया है। उन्होंने एक ट्वीट कर कहा-तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए सरकार को किसी के जीवन को खतरे में नहीं डालना चाहिए।

इस मामले में प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि मौजूदा समय में पूरे देश की सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा-यह मामला सिर्फ प्रियंका, मेरी बेटी या बेटे, मेरे या गांधी परिवार की सुरक्षा का नहीं है। यह हमारे नागरिकों, विशेष रूप से हमारे देश की महिलाओं को सुरक्षित रखने और सुरक्षित महसूस कराने का है। पूरे देश में सुरक्षा के साथ समझौता किया जा रहा है।

# 'हमारे नेताओं का जीवन जोखिम में डाला गया'

पेज 1 का बाकी

एसपीजी सुरक्षा हटाकर सरकार ने उसके शीर्ष नेताओं के जीवन को खतरे में डाल दिया है। पार्टी ने यह मुद्दा राज्यसभा में एसपीजी संशोधन विधेयक पर चर्चा के अलावा शून्यकाल में भी उठाया। पार्टी के संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने ट्वीट कर कहा कि तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए सरकार को किसी के जीवन को खतरे में नहीं डालना चाहिए। प्रियंका गांधी के आवास पर सुरक्षा में लगी सेंध से यह बात साबित होती है सरकार ने एसपीजी सुरक्षा हटाकर हमारे नेताओं के जीवन को खतरे में डाल दिया है। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'आश्वासन के बाद सुरक्षा में खामी दिखती है तो हम विरोध जरूर करेंगे।'

कांग्रेस सांसद एंटो एंटनी ने प्रियंका गांधी के आवास पर सुरक्षा में कथित सेंध लगने का मुद्दा मंगलवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया। एंटनी ने कहा कि जिस परिवार ने दो प्रधानमंत्री खो दिए हैं, उस परिवार की सुरक्षा में कोताही ठीक नहीं है। उच्च सदन में एसपीजी अधिनियम संशोधन विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के विवेक तनखा ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से प्रेरित हो कर लाया गया है जबकि सुरक्षा का मुद्दा पार्टी आधारित राजनीति से बहुत ऊपर होता है। उन्होंने कहा कि 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद एसपीजी का गठन हुआ। जब कानून बना तो प्रधानमंत्री और उनके परिवार को इसकी सुरक्षा के दायरे में लाया गया। '1989 में सरकार बदल गई। सबको पता था कि राजीव गांधी की जान को खतरा है। उनकी सुरक्षा के लिए सरकार से अनुरोध भी किया गया। अंततः 1991 में राजीव गांधी की हत्या हो गई। देश ने एक युवा नेतृत्व खो दिया।'

विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भाजपा के नीरज शेखर ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य वीआइपी संस्कृति को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि लालबत्ती का चलन भी इसी वजह से समाप्त किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिवारों की सुरक्षा को लिए अलग बल गठित किया जाना चाहिए।

नई दिल्ली

www.readwhere.com